इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






# सुकमा-बीजापुर जिले की सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, तीन जवान बलिदान, 15 घायल

सुकमा। सुकमा व बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र टेकलगुड़ेम गांव में मंगलवार को सुरक्षा बल व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन जवान बलिदान तथा 15 जवान घायल हुए हैं। सुरक्षा बलों की ओर से टेकलगुड़ेम में नया सुरक्षा कैंप स्थापित करते समय नक्सलियों ने गोलीबारी की। बलिदान हुए सुरक्षा बल के जवानों में कोबरा 201 बटालियन के दो व सीआरपीएफ 150 बटालियन का एक जवान शामिल है। घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर भेजा गया है। घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है।

पुलिस के अनुसार सुकमा के पड़िया, मूलेर, सालातोंग के बाद मुरकराजबेड़ा व दुलेड़ में व बीजापुर जिले के डुमरीपालनार, पालनार, मुतवेंडी के बाद कावड़गांव में कैंपों की स्थापना के बाद सुरक्षा बल आगे बढ़ रहे थे। नक्सलियों के बटालियन नंबर एक के गढ़ टेकुलगुड़ेम में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने कैंप स्थापित किया। जिसके बाद क्षेत्र को सुरक्षित करने जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में सर्चिंग की जा रही थी। इसी दौरान कोबरा, एसटीएफ व डीआरजी बल के जवानों पर दोपहर करीब 12 बजे नक्सलियों ने गोलीबारी की। चार घंटे तक चली मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों ने बैरेल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) से भी हमला किया। बीजीएल फटने से निकले छर्रे से कई



जवानों को मामूली चोट आई है। सुरक्षा बल की ओर से नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया गया, जिसके बाद नक्सली भाग खड़े हुए। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के भी मारे जाने व घायल होने की सूचना है।

### कुख्यात नक्सली हिड़मा के गढ़ में अभियान

टेकुलगुड़ेम में तीन अप्रैल 2021 को नक्सलरोधी अभियान पर गए सुरक्षा बल पर नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया था। इस हमले में 23 जवान बलिदान हो गए थे व एक जवान राकेश्वर मन्हास का नक्सलियों ने अपहरण कर लिया था, जिसे बाद में छोड़ दिया गया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सीएम विष्णुदेव साय ने की बीजापुर-सुकमा नक्सली हमले की निंदा- 15 घायल जवानों के बेहतर इलाज के लिए दिए निर्देश



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा एवं बीजापुर जिले की सीमा पर स्थित ग्राम टेकलगुड़ेम (थाना जगरगुंडा,सुकमा) में नक्सली मुठभेड़ की कड़ी निन्दा की है। उन्होंने इस घटना में वीरगति प्राप्त करने वाले 3 जवानों की शहादत पर गहरा दुःख प्रकट किया है। साय ने शहीद जवानों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मुठभेड़ में घायल 15 जवानों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

# सपा ने यूपी की 16 लोकसभा सीटों पर उतारे प्रत्याशी, डिंपल यादव समेत 3 उम्मीदवार परिवार के



लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने इस लिस्ट में 16 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है, सपा ने अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैनपुरी से चुनावी मैदान में उतारा है, इसके अलावा पार्टी ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया है।

समाजवादी पार्टी ने राजधानी लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को अपना प्रत्याशी बनाया है, वहीं उम्मीदवारों की इस लिस्ट में डिंपल यादव समेत तीन प्रत्याशी अखिलेश यादव के परिवार के लोगों को ही बनाया गया है, इनमें धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव का नाम भी शामिल है। समाजवादी पार्टी ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को, फिरोजाबाद से अक्षय यादव को, मैनपुरी से डिम्पल यादव को, एटा से देवेश शाक्य को, बदायूं से धर्मेंद्र यादव को, खीरी से उत्कर्ष वर्मा को, धौरहरा से आनन्द भदौरिया को, उन्नाव से अनु टंडन को, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को, फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य को, अकबरपुर से राजाराम पाल को, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल को, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद को, अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा को, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी को, गोरखपुर से काजल निषाद को टिकट दिया है।

### 2019 लोकसभा चुनाव के नतीजे

वहीं अगर पिछले चुनावी नतीजों पर नजर डालें तो उत्तर प्रदेश में बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में यूपी में बंपर सीटें जीती थीं, बीजेपी को पिछले चुनाव में लोकसभा की 80 सीटों में से 62 सीटों पर जीत हासिल की थी, वहीं समाजवादी के खाते में महज पांच सीटें आई थी, इसके अलावा बसपा ने 10 सीटों पर जीत दर्ज की थी, वहीं कांग्रेस को महज एक सीट मिली थी, जबकि दो सीटों पर अपना दल ने जीत हासिल की थी।

# छत्तीसगढ़ में अब चार फरवरी तक होगी धान खरीदी, छुट्टी के दिन भी बेच सकेंगे किसान, आदेश जारी



रायपुर। छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए अच्छी खबर है। छत्तीसगढ़ सरकार ने धान खरीदी की तारीख बढ़ा दी है। अब छत्तीसगढ़ में चार फरवरी तक धान खरीदी होगी। इसके अलावा प्रदेश के किसान शनिवार और रविवार को भी धान बेच सकेंगे।

### अब तक 134 लाख टन धान की खरीदी

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का ग्राफ प्रतिदिन ऊपर चढ़ता जा रहा है। बीते साल राज्य में हुई 107.53 लाख टन धान की खरीदी का रिकार्ड पहले ही टूट चुका है। राज्य में अब तक 133.88 लाख टन धान की खरीदी हो चुकी है, जो कि बीते साल की तुलना में लगभग 27 लाख टन अधिक है।

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए अभी दो दिन और बाकी है। प्रतिदिन औसतन साढ़े तीन लाख टन धान की खरीदी हो रही है। इस साल धान खरीदी की मात्रा 140 लाख टन के पार होने की उम्मीद है। राज्य में इस साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का परिपालन सुनिश्चित करते हुए किसानों से प्रति एकड़ के मान से 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है।

### 26 लाख 85 हजार किसानों ने कराया अपना पंजीयन

किसानों से चालू विपणन वर्ष में 29 जनवरी तक 133.88 लाख टन धान खरीदी के एवज में उन्हें 28 हजार 104 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 23 लाख 68 हजार 810 किसान धान बेच चुके हैं। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के राज्य में 26 लाख 85 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। राज्य में समर्थन मूल्य पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 10 फरवरी को होगी नीतीश कुमार की नई सरकार की 'अग्नि परीक्षा', स्पीकर अवध बिहारी के लिए भी होगा खास दिन

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 फरवरी को अपनी सरकार के पक्ष में विश्वास मत का प्रस्ताव पेश करेंगे। उसी दिन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। राज्य का 2024-25 का बजट 12 फरवरी को ही पेश होगा। संसदीय कार्य विभाग की अधिसूचना के अनुसार, राज्यपाल विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेंट्रल हाल में 11.30 बजे संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करेंगे। पहले से पांच फरवरी से निर्धारित बजट सत्र की संशोधित कार्यसूची मंगलवार को जारी कर दी गई है।

अवध बिहारी चौधरी पर भी हो जाएगा फैसला

कार्यसूची के अनुसार राज्यपाल के अभिभाषण के तुरंत बाद जब विधानसभा की कार्यवाही शुरू होगी, सरकार की ओर से विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया जाएगा। इस पर चर्चा होगी और बाद मतदान होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने संबोधन में बताएंगे कि उन्हें विश्वास मत का प्रस्ताव क्यों पेश करना पड़ रहा है। सूत्रों ने बताया कि उसी दिन विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के भविष्य पर भी निर्णय हो जाएगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीएम साय ने किया बीजेपी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन, 11 लोकसभा क्षेत्रों में खुलेंगे दफ्तर



रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने आज मंगलवार को रायपुर स्थित राजभवन के पास भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। 30 और 31 जनवरी तक सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी कार्यालय खोले जाएंगे। इन्हीं कार्यालयों में लोकसभा चुनाव का संचालन किया जाएगा। वहीं 1 फरवरी से बीजेपी का गांव चलो अभियान शुरू होगा। अभियान में पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर मंडल स्तर पर कार्यशाला का आयोजित करेगी।

### 5 लाख से ज्यादा मतों से पार्टी प्रत्याशी को जिताने का टारगेट

उन्होंने कहा कि रायपुर लोकसभा क्षेत्र में 9 विधानसभा हैं, जिसमें 8 विधानसभा में बीजेपी जीती है। छत्तीसगढ़ में 54 सीटों के साथ 46 प्रतिशत वोट अर्जित किए हैं। पीएम मोदी की गारंटी पर बीजेपी को ऐतिहासिक जीत मिली है। इस दौरान उन्होंने रायपुर के पूर्व सांसद रमेश बैस की तारीफ करते हुए कहा कि उनके साथ हमें सांसद रहते हुए काम करने का अवसर मिला। आज वो बड़े राज्य महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। ये हमारे लिए गौरव की बात है। वर्तमान में सुनील सोनी रायपुर के सांसद हैं, जो पिछली बार साढ़े 3 लाख मतों से जीते थे। इस बार बीजेपी का लक्ष्य है कि 2024 के चुनाव में 5 लाख से ज्यादा मतों से पार्टी प्रत्याशी को जिताएंगे।

### पीएम मोदी की तारीफ की

सीएम ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में हमारे भांजा श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह हो गई। इसकी खुशियां हम सब अभी तक मना रहे हैं। धारा 370 हट गया, महिला बिल पास हो गया, बीजेपी ने जो-जो वादे किए थे, वह सभी पूरे हो रहे हैं। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि दुनिया में सबसे अधिक लोकप्रिय नेता हैं तो वह मोदी हैं। कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि एक समय था जब हमारे देश के प्रधानमंत्री, चाहे वह संयुक्त राष्ट संघ की बैठक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आई.एन.डी.आई. अलायंस को बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ़ कांग्रेस की नहीं...- लोकसभा सीटों के बंटवारे पर बोले संजय निरुपम



### आई.एन.डी.आई. को बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ़ कांग्रेस की नहीं

निरुपम ने आगे कहा, ऐसा फ़ैसला जो सबको मान्य हो और हाँ, महज़ सीटें तय करें, दूसरी पार्टियों के उम्मीदवार नहीं। इससे गठबंधन में असंतोष की दरारें पैदा होने लगेंगी। आई.एन.डी.आई. को बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ़ कांग्रेस की नहीं, सबकी है।

मुंबई। आज मुंबई में एमवीए की सीट शेयरिंग को लेकर बैठक चल रही है। इसी बीच कांग्रेस नेता ने कहा है, आई.एन.डी.आई. अलायंस को बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ़ कांग्रेस की नहीं, सबकी है। नीतीश के आई.एन.डी.आई. अलायंस के अलग होने के बाद आज सीट बंटवारे को लेकर महाविकास अघाडी यानी एमव्हीए की बैठक हो रही है। इसे लेकर तीनों पार्टियां बैठक में मौजूद हैं।

इसी दरमियान कांग्रेस नेता ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है, आई.एन.डी.आई. अलायंस को बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ़ कांग्रेस की नहीं है। जानकारी दे दें कि इस बैठक में तीनों पार्टी यानी शिवसेना यूबीटी, एनसीपी (शरद पवार), कांग्रेस के बडे नेता शामिल हुए हैं, इसके अलावा सीपीआई के साथ भी सीट शेयरिंग की चर्चा पूरी हो गई है।

### बिहार और बंगाल में जो हुआ, उससे हमें सीखना चाहिए

जानकारी के मुताबिक, इतना ही नहीं आज की बैठक में प्रकाश अंबेडकर को भी न्योता दिया गया है, उनके साथ भी चर्चा आज होगी। महाराष्ट्र में 4-5 सीटों के बटंवारे को लेकर खींचतान है। महाराष्ट्र में कुल 48 लोकसभा सीटें हैं।

इसी बीच कांग्रेस नेता सजंय निरुपम ने एक्स पर ट्वीट कर कहा है, लोकसभा सीटों का बंटवारा करने के लिए आज फिर एमव्हीए की बैठक हो रही है। प्रक्रिया यही है। बुनियादी चर्चा मुंबई में ही होनी थी। जो बिहार और बंगाल में हुआ,उससे निश्चित तौर पर हमें सीखना चाहिए और एक-दूसरे का मान-सम्मान करते हुए सीटों के बारे में फ़ैसला करना चाहिए।




# 'समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं', सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट सेवाओं की बहाली को लेकर की टिप्पणी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट सेवाओं की बहाली के लिए याचिकाओं पर विचार करने के समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। साथ ही शीर्ष कोर्ट ने प्रशासन को उन्हें प्रकाशित करने के निर्देश दिए हैं। जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंध से संबंधित मामले को लेकर शीर्ष कोर्ट में सुनवाई हुई।

फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स द्वारा दायर याचिका में जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंधों पर केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली एक विशेष समिति द्वारा पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करने की मांग की गई थी। इस दौरान जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस



संजय करोल की पीठ ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से जानना चाहा कि क्या इंटरनेट प्रतिबंध के संबंध में समीक्षा आदेश सुप्रीम कोर्ट के अनुराधा भसीन मामले में फैसले के तहत सार्वजनिक किए गए या नहीं।

### आदेशों को अलमारी में नहीं रखा जाना चाहिए

पीठ ने कहा कि उन आदेशों को अलमारी में नहीं रखा जाना चाहिए। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन को इंटरनेट प्रतिबंध से संबंधित समीक्षा आदेश प्रकाशित करने के निर्देश दिए। पीठ ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल (एएसजी) केएम नटराज को निर्देश लेने और सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत को अवगत कराने के लिए दो सप्ताह का समय दिया।

### विचार-विमर्श के बारे में भूल जाइये

नटराज ने कहा कि याचिकाकर्ता की याचिका केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंधों से संबंधित समीक्षा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# राहुल गांधी ने चुटकुला सुनाकर नीतीश कुमार पर साधा निशाना, बोले- थोड़े दबाव में ले लिया यू-टर्न



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। उन्होंने बिहार मुख्यमंत्री का नाम लिए बिना तंज कसा। वायनाड सांसद ने कहा कि थोड़ा-सा दबाव पड़ते ही यू-टर्न ले लिया। भारत जोड़ों न्याय यात्रा बिहार में प्रवेश कर चुकी है। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा, थोड़ा-सा दबाव पड़ता है और वे यू-टर्न ले लेते हैं। हमारा गठबंधन उन मुद्दों को उठ रहा है जो जनता के लिए मायने रखते हैं।

उन्होंने कहा कि जब अखिलेश यादव का भाषण चल रहा था तो बघेल जी ने मुझे चुटकुला सुनाया। आपके प्रदेश के मुख्यमंत्री के बारे में जोक है। आपके सीएम राज्यपाल के यहां शपथ ग्रहण के लिए गए। वहां भाजपा के नेता और गवर्नर बैठे थे। मुख्यमंत्री और मंत्री पद की शपथ ली जाती है। तब वह निकल जाते हैं सीएम हाउस के लिए। कार में पता चलता है कि वह अपना शॉल राज्यपाल के घर छोड़ आए हैं। वह ड्राइवर से वापस चलने को कहते हैं। जैसे ही गर्वनर के पास जाते हैं और गेट खुलाता है तो राज्यपाल कहते हैं इतनी जल्दी आ गए। ऐसी हालत है बिहार की। थोड़ा-सा दबाव पड़ते ही यू-टर्न ले लेते हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि समझिए नीतीश कुमार क्यों फंस गए। मैंने उनसे कहा था कि आपको राज्य में जातीय जनगणना करानी होगी। हमने आरजेडी के साथ मिलकर सीएम से सर्वे कराने पर जोर दिया था, लेकिन भाजपा डर गई। वे इसके विरोध में हैं। मुख्यमंत्री फंस गए और बीजेपी ने उन्हें भागने के लिए बैक डोर दे दिया। लोगों को न्याय दिलाना इंडी गठबंधन की जिम्मेदारी है। हमें नीतीश कुमार की कोई जरूरत नहीं है।

# पहले चुनाव में एनडीए को नहीं हरा पाया इंडिया : चंडीगढ़ में जीता भाजपा का मेयर

चंडीगढ़। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में बीजेपी को बड़ी जीत मिली है. बीजेपी उम्मीदवार मनोज सोनकर ने ये चुनाव जीत लिया है. मनोज सोनकर का मुकाबला आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार कुलदीप कुमार से था. बीजेपी पिछले आठ वर्षों से मेयर पद पर काबिज है. पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद आज चंडीगढ़ में मेयर का चुनाव हुआ था. इस चुनाव में सीधा मुकाबला कांग्रेस-आम आदमी पार्टी (आप) के गठबंधन और बीजेपी के बीच था. राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ हुए पहले मुकाबले में इंडिया गठबंधन को हार मिली है.

पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह ने सुबह दस बज कर करीब 40 मिनट पर मेयर पद के लिए मतदान प्रक्रिया शुरू कराई थी. चंडीगढ़ की सांसद किरण खेर ने सबसे पहले वोट डाला था. उन्होंने सुबह 11 बज कर करीब 15 मिनट पर नगर निकाय भवन में मतदान किया था. उनके पास चंडीगढ़ नगर निगम के पदेन सदस्य के रूप में मतदान का अधिकार है. मेयर पद के वोटों की गिनती के बाद अब सीनियर डिप्टी मेयर पद और डिप्टी मेयर पद के लिए चुनाव कराए जाएंगे. भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा



ने इस जीत पर चंडीगढ़ बीजेपी इकाई को बधाई देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, 'प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र शासित प्रदेशों में रिकॉर्ड विकास हुआ है. यह कि इंडिया गठबंधन ने अपनी पहली चुनावी लड़ाई लड़ी और फिर भी बीजेपी से हार गया, यह दर्शाता है कि न तो उनका अंकगणित काम कर रहा है और न ही उनकी केमिस्ट्री काम कर रही है.'

### कड़ी पुलिस व्यवस्था में हुआ चुनाव

मेयर चुनाव के मद्देनजर कड़ी पुलिस व्यवस्था की गई थी, लगभग 800 पुलिसकर्मी और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया था. बता दें मतदान मूल रूप से 18 जनवरी को होना था, लेकिन पीठासीन अधिकारी के बीमार पड़ने के बाद चंडीगढ़ प्रशासन ने इसे छह फरवरी तक के लिए टाल दिया था. चुनाव टालने के प्रशासन के आदेश पर कांग्रेस और आप पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था. महापौर पद के लिए आप के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने चंडीगढ़ के उपायुक्त के चुनाव टालने के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी. उच्च न्यायालय ने 24 जनवरी के अपने आदेश में चंडीगढ़ प्रशासन को 30 जनवरी को सुबह 10 बजे महापौर पद के लिए चुनाव कराने का निर्देश दिया था. उच्च न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया था कि वोट डालने आने वाले पार्षदों के साथ किसी अन्य राज्य का कोई समर्थक या सुरक्षाकर्मी नहीं होगा. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### दिन दहाड़े बेईमानी- अरविंद केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर बेईमानी का आरोप लगाते हुए एक्स पर एक पोस्ट किया. जिसमें सीएम ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में दिन दहाड़े जिस तरह से बेईमानी की गई है, वो बेहद चिंताजनक है. यदि एक मेयर चुनाव में ये लोग इतना गिर सकते हैं तो देश के चुनाव में तो ये किसी भी हद तक जा सकते हैं. ये बेहद चिंताजनक है.

# सभापति ने राज्यसभा के 11 सदस्यों का निलंबन रद्द किया



नयी दिल्ली । संसद का बजट सत्र शुरू होने से एक दिन पहले राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए उच्च सदन के 11 सदस्यों का निलंबन मंगलवार को रद्द कर दिया।

राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने इन सदस्यों को विशेषाधिकार के हनन और सदन की अवमानना का दोषी करार दिया था। सभापति ने समिति की सिफारिश के बाद नियम 202 और 266 के तहत अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए सभी 11 सदस्यों का निलंबन रद्द कर दिया और उन्हें सदन की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति दे दी। सभापति के कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि यह निर्णय इस बात को ध्यान में रखकर लिया गया है कि ये सदस्य अब राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान उपस्थित रह सकेंगे। सभापति ने श्रीमती जेबी मथेर हिशम, डॉ एल हनुमंथैया, नीरज डांगी, राजमणि पटेल, कुमार केतकर, जी सी चंद्रशेखर, विनय विश्वम, संदोष कुमार पी,एम मोहम्मद अब्दुल्ला, जॉन ब्रिटास और ए ए रहीम का निलंबन रद्द किया है। समिति ने अपनी सिफारिश में कहा है कि इन सदस्यों को पहले ही पर्याप्त अवधि की सजा मिल चुकी है। इन सभी सदस्यों को शीतकालीन सत्र के दौरान सदन और आसन की अवमानना के आरोप में निलंबित कर इनका मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था।

## पहला कॉलम...

### निगम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी गयी दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि एवं वीर शहीदों की स्मृति मे नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पार्षद श्री शिव वर्मा व उपायुक्त मोबिन अली की उपस्थिति में नगर निगम द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में शासन से प्राप्त निर्देश पर 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर निगम पदाधिकारियों सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजली सभा में कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव महापौर परिषद् के सचिव संजीव मिश्रा, प्र. कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### दो महीने से नहीं मिला निगम कर्मियों को वेतन, 1 फरवरी तक करें भुगतान : गोलू नायक



राजनांदगांव(दावा)। नगर निगम सफाई कर्मचारी संघ ने बीते 2-3 माह से बकाया वेतन भुगतान की मांग की है। संघ के अध्यक्ष गोलू नायक ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए बताया है कि-निगम में कार्यरत कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बदहाल हो चुकी है। महीनों से वेतन न मिलने से आर्थिक समस्याओं से कर्मियों के परिवार घिरे हुए हैं। बच्चों की स्कूलों फीस, परिवार के लालन-पालन में दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है। नायक ने बताया कि जल्द वेतन जारी न किए जाने की स्थिति में संघ कर्मचारियों के साथ काम बंद कर हड़ताल में जाने का निर्णय ले चुका है। संघ ने 1 फरवरी तक नियमित व अनियमित कर्मियों के वेतन भुगतान की मांग रखी है। आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान संघ के अन्य पदाधिकारी, सदस्य व प्रभावित कर्मी भी मौजूद थे।

### पेंड्री मड़ई 2 फरवरी को

राजनांदगांव (दावा)। संत रविदास वार्ड पेंड्री वार्ड नंबर 20 व 21 में दिन शुक्रवार 2 फरवरी को मड़ई का आयोजन रखा गया हैं और रात्रि में मनोरंजन के लिए माटी के सिंदूर बूटाकसा अंबागढ़ चौकी वाले नाचा कार्यक्रम रखा गया हैं। उक्त जानकारी गणेश शुपले ने दिया।

### आज खुर्सीपार मंडई

खुज्जी (दावा)। समीपस्थ ग्राम पंचायत खुर्सीपार मंडई का आयोजन आज 31 जनवरी दिन बुधवार को रखा गया है व रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मुरमारी वालों का कार्यक्रम रखा गया है, अंचल एवं आस पास के ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पधारें व इस कार्यक्रम का आनन्द ले। यह जानकारी ग्राम के वासुदेव कलिहारी व ग्राम प्रमुख भुवनलाल गंजीर ने दी है।

### मगनदास साहू का निधन



खुज्जी (दावा)। ग्राम के सेवानिवृत्त, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, मगन दास साहू का दिनांक 29 जनवरी को 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें भारी संख्या लोग शामिल होकर श्रद्धांजलि दी, सम्पूर्ण कार्यक्रम शनिवार को रखा गया है।

### प्रोफेसर वासुदेव तंबोली का निधन



राजनांदगांव (दावा)। प्रोफेसर वासुदेव तंबोली दुर्ग में जन्मे और राजनांदगांव के शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में अध्यापन क्षेत्र में अपना योगदान दिया और राजनांदगांव में ही अपना निवास बनाया, उनका आकस्मिक निधन कल 29 जनवरी के दोपहर को हो चुका है, जिसकी अंतिम यात्रा मठपारा मुक्तिधाम में आज 31 जनवरी दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान 25 नेहरू नगर राजनंदगांव से निकलेगी। दुर्ग राष्ट्रीय पर्व उत्सव समिति में तंबोली आर्ट के बैनर के लिए उन्होंने अपना लंबा समय योगदान स्वरूप दिया। वे अपने पीछे पत्नी, अपने दो बेटे व एक बेटी सहित भरापूरा परिवार छोड़कर चले गए।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
फाइटर
कलाकार - ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर, अक्षय आलेराय, करण सिंह ग्रोवर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
27th Jan to 28th Jan 2024




Fighter - 12:15, 12:30, 03:00, 03:30, 06:00, 06:30, 09:00 & 09:30 pm
Hanu-man - 06:15 and 09:15
Dulha Raja (Chhattisgarhi) - 12:00 and 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जिले के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित

**अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थापित किए जाने वाले अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट एवं उस पर आवश्यक व्यवस्था करने के संबंध में हुई चर्चा**

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कानून एवं व्यवस्था के मद्देनजर आज अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जिले के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों की सुरक्षा समन्वय के लिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। इस दौरान संभागायुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर, आईजी राजनांदगांव राहुल भगत, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अन्य अधिकारी शामिल हुए।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के संभागायुक्त, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक जुड़े रहे। विशेषकर संभागायुक्त जबलपुर, डीआईजी गढ़चिरौली एवं सभी सभी जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। संभागायुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के पहले अंतर्राज्यीय सीमा पर व्यापक तौर पर तैयारी किया जाना है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों एवं दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क की सुविधा होनी चाहिए। अंतर्राज्यीय सीमा पर शराब के अवैध परिवहन को रोकने के लिए अच्छी व्यवस्था करने की जरूरत है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए अच्छी व्यवस्था करने की जरूरत है। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के लिए कहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले के चार विधानसभा क्षेत्र हैं।

**○ संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर एवं एसपी हुए शामिल**
**○ शराब, नगदी, वस्तु के अवैध परिवहन को रोकने के लिए रणनीति बनाने के संबंध में की गई चर्चा**




महाराष्ट्र के गोंदिया जिले से अंतर्राज्यीय बार्डर जुड़ा हुआ है और जिले की अंतर्राज्यीय सीमा से महाराष्ट्र का गोंदिया जिला लगा हुआ है। बोरतलाब, बागनदी भी अंतर्राज्यीय सीमा से लगे हुए हैं। विधानसभा निर्वाचन में महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से अच्छा समन्वय रहा। भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप जिले में नगदी, वस्तु एवं शराब के अवैध परिवहन को रोकने के लिए कार्य किया जा रहा है तथा चेक पोस्ट में स्थैतिक निगरानी दल और उड़नदस्ता दल कार्य करेंगे। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के साथ लगभग 60 किलोमीटर तक सीमाएं है। विधानसभा निर्वाचन के दौरान नक्सल प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों के लिए गोंदिया जिले के साथ मिलकर अच्छा समन्वय किया गया था। सीआरपीएफ, आईटीबीपी के साथ भी समन्वय करते हुए कार्य किया गया। वायरलेस एवं अन्य व्यवस्था का प्रयोग करते हुए नेटवर्क स्थापित किया गया और लगातार सभी संपर्क में रहे। इस अवसर पर जिले के अंतर्राज्यीय सीमा में स्थित जिलों, अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थापित किए जाने वाले अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट एवं उस पर आवश्यक व्यवस्था, अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित मतदान केन्द्र, अंतर्राज्यीय पर स्थित मतदान केन्द्रों पर मोबाईल नेटवर्क की उपलब्धता, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन एवं आवश्यक कार्रवाई, अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के व्हाट्सअप ग्रुप एवं शराब, नगदी, वस्तु के अवैध परिवहन पर निगरानी एवं समुचित कार्रवाई संबंधित विभाग के अधिकारियों का व्हाट्सअप ग्रुप, कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई, लोकसभावार कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर इस दौरान कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं मध्यप्रदेश के बालाघाट, मंडला, डिन्डौरी तथा महाराष्ट्र के गोंदिया, गढ़चिरौली जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक जुड़े रहे। कलेक्टोरेट राजनांदगांव के एनआईसी कक्ष से अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा उपस्थित रहे।

## डंप रेत को नपं ने किया जब्त, अब हाईवा से निकल रहा है रेत



डोंगरगांव (दावा)। नगर सहित आपपास के इलाकों से भारी मात्रा में रेत सहित अन्य खनीज का अंधाधुंध अवैध उत्खननकर बेचा जा रहा है. ऐसा ही एक मामले में नगर पंचायत की टीम ने कार्यवाही करते हुए डंप रेत सहित अन्य सामग्री जब्त किया है. मिली जानकारी के अनुसार मोंगरा कॉलोनी के पीछे अवैध रूप से डंप किए गए रेत तथा उत्खनन में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों को जब्त किया गया है.

नगर पंचायत द्वारा 29 जनवरी को अवैध रूप से रेत उत्खनन किये जाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए निकाय के अमलों द्वारा 7 ट्रीप रेत, 4 नग बल्ली, 8 नग लोहे के रैम्प की जप्ती की है. कार्यवाही के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद, पार्षद सतीष वैष्णव, सीएमओ डी.एस.पाल सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित रहे.

बता दें कि इस जब्ती की कार्यावही जहां से की गई वहां से कुछ ही दूरी पर नदी का किनारा है और वहां से रात और सुबह में रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है. यह कार्य पीछले कई दिनों से किया जा रहा है. अब यह भी जानकारी आ रही है कि इसी नदी में पहुंचने के लिए नगर के शीतला माता मंदिर से भी रास्ता जहां से अब हाईवा में रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है. ऐसा नहीं है कि इस बात की जानकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को नहीं बावजूद इसके कार्यवाही के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है.

## अपराध जांच के दौरान उपद्रव करने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। थाना डोंगरगांव पुलिस ने अपराध जांच करने गए पुलिस अधिकारियों के सामने उपद्रव करने वाले आरोपी नोहर सिंग को गिरफ्तार किया है।



बताया जाता है कि 30 जनवरी को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि. डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव के अपराध विवेचना मे गये पुलिस अधिकारी के समक्ष जांच के दौरान ही आवेदक पर उग्र हो गया।

इस पर उसे पुलिस अधिकारी व अन्य ग्रामीणो के द्वारा समझाईश दिए जाने पर भी उसके द्वारा और उग्र होकर मरने मारने पर हुये उतारू हो गया। इस पर परिशांति कायम हेतु अनावेदक नोहरसिंग पिता सालिकराम आमले उम्र- 39 साल पता- करमरी बस स्टैण्ड के पास, थाना डोंगरगांव के गिरफ्तार के अलावा और कोई विकल्प नही होने पर धारा- 151 जाफौ के तहत गिरफ्तार कर धारा 107,116(3) के तहत न्यायालय में पेश किया गया है।

## लखोली वार्ड में रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न



राजनांदगाव (दावा)। नगर के लखोली वार्ड में रक्तदान शिविर का आयोजन बड़ी ही उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें लखोली के युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया, जीवन प्रवाह रक्तदान संस्था के तत्वाधान में रक्तदान अमृत महोत्सव बिलासा ब्लड सेंटर के द्वारा रक्तदान का जनहित कार्य हुआ, जिसमें 31 यूनिट रक्त संचय किया गया।

यह आयोजन का मुख्य उद्देश्य हर गरीब परिवारों के मरीजों को रक्त की अवश्यकता को पूरा करने के उद्देश्य से किया गया हैं। बिलासा ब्लड सेंटर से आये हुए डॉ. जितेन्द्र कुमार साहू, संजीव प्रधान, हिमानी साहू, दिव्या वर्मा का पूर्ण सहयोग से सफल हुआ।

इस आयोजन का शुभारंभ लखोली वार्ड क्र. 33 के पार्षद श्रीमति दुलारी बाई साहू के निर्देशन में लखोली के जीवन प्रवाह रक्तदान संस्था के युवाओं का भरपूर योगदान रहा हैं, सस्थान के वरिष्ठ युवा देव कुमार साहू, पवन साहू, दिनु साहू, प्रवीण बघेल, लाला वैष्णव, वासु साहू, कुलेश्वर साहू, कमल साहू, सोनू खान, प्रमोद साहू, टिंकू, सुशील, पिंटू, दूषियांत वर्मा, देवा, नकेश एवं समस्त युवा अपनी अहम् सहयोग प्रदान किया।

## पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण कर सामाजिक सेवा करें- पंकज गुप्ता



राजनांदगांव (दावा)। पुण्य तिथि पर वृक्षारोपण कर सामाजिक सेवा करें। अपने पिता स्व. श्री जवाहरलाल गुप्ता की तृतीय पुण्यतिथि पर आज 30 जनवरी को अधिवक्ता पंकज गुप्ता पूर्व पार्षद श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता बागेश्वर धाम मंदिर सेवक द्वारा उनकी पुण्य स्मृति में नगर निगम पार्क में मौलश्री आयुर्वेदिक वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण किया गया। आस्था मूकबधिर शाला बसंतपुर राजनांदगांव में बच्चों को स्वल्पाहार करवाया गया। उन्होंने पुण्य अवसरों पर अपने पूर्वजों की स्मृति में प्राथमिकता से वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण करने व सामाजिक सेवाभावी कार्य करने का आग्रह संस्कारधानीवासियों से किया है कि वे इस प्रकार से अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति को सार्थक बनाए रखने का प्रयास कर सकते है।

## अशोका में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय समूह अशोका ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशंस ग्राम तोरनकट्टा में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्रातः 8:30 बजे आयोजित उक्त आयोजन में संस्था के सचिव कमलनारायण चन्द्राकर ने माँ सरस्वती एवं बुद्धि के देवता भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना की एवं महाविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया तत्पश्चात उपस्थित प्राध्यापकों एवं अशोका इंजीनियरिंग एवं आई.टी.आई. के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। श्री चन्द्राकर ने अपने उद्बबोधन में समस्त अशोका परिवार की ओर से विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामना दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तत्पश्चात् उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा गणतंत्र दिवस पर आधारित संक्षिप्त भाषण एवं काव्यपाठ किया गया। उल्लेखनीय है कि संस्था में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्किल डेवलपमेंट स्कीम के अंतर्गत आयोजित विभिन्न समयावधि के रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम भी महाविद्यालय परिसर में संचालित किये जाते है। उक्त पाठ्यक्रम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आसपास के ग्रामीण अंचलों के बालक बालिकाओं ने भी आज के गणतंत्र दिवास समारोह में भाग लिया। गजानन शिक्षा समिति द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के नये पाठयक्रमों जैसे डाटा एंट्री आपरेटर, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन आदि संचालित किये जाते है जो पूर्णतः निःशुल्क होते है जिसका लाभ सुदूर ग्रामीण अंचल के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मिल रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टॉफ मेम्बर के लिए स्वलापाहार की व्यवस्था महाविद्यालय प्रबंधन के द्वारा की गई थी।

## स्वास्थ्य सेवा की बुनियाद मजबूत रहे, पीएचसी में समय पर मिल उपचार : प्रतीक्षा भंडारी

राजनांदगांव (दावा)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरडीहकला में 30 जनवरी को जीवनदीप समिति की साधारण सभा की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में स्वास्थ्य केंद्र की आवश्यकताओं और समस्याओं के निराकरण के साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को मजबूत किए जाने हेतु कई निर्णय लिए गए। बैठक में विभागीय अधिकारी, चिकित्सकों के साथ ही जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

बैठक में जनपद पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष जीवनदीप समिति अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी ने अधिकारियों से विभागीय योजनाओं, स्वास्थ्य की व्यवस्था, समस्याओं और लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि- भाजपानीत प्रदेश सरकार आमजन के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है। इस दिशा में आवश्यकरुप से गंभीरता के साथ काम किया जाए। स्वास्थ्य सेवा की बुनियाद मजबूत होनी चाहिए। समय पर स्टॉफ स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद हो और लोगों को उपचार मिल सके, ये सुनिश्चित किया जाना चाहिए। समय-समय पर इसकी मॉनिटरिंग भी की जानी चाहिए। उक्त बैठक में सोलर पैनल की बैटरी बदलने हेतु 65 हजार, मुख्यद्वारा से डामर रोड तक सीसी सड़क निर्माण के लिए 50 हजार, प्रसव कक्ष एवं लेबोरेटरी में एसी हेतु 60 हजार व शेड निर्माण के लिए 50 हजार रुपए खर्च किए जाने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया है। प्रस्ताव को उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया गया है। इसके अतिरिक्त लेबोरेटरी के लिए नए कक्ष के निर्माण, जीवनदीप कर्मचारियों का मानदेय भुगतान, अस्पताल हेतु अन्य आवश्यक सामग्री क्रय, विद्युत एवं जल आपूर्ति, आरओ वॉटर मशीन, ऑक्सीजन सिलेंडर, इंटरनेट बिल भुगतान, एंबुलेंस हेतु पेट्रोल की व्यवस्था जैसे अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।



बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जीवनदीप समिति श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी के साथ जनपद सदस्य ओमप्रकाश साहू, बीएमओ खोब्रागढ़े, सरपंच दिनेश कुमार ठाकुर व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित जीवनदीप समिति के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-6-0
124-7 589-2
राजधानी
2-4-7
117-9 230-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव**

**ईश्तहार**

क्रं./.../प्रवा.-3/अ.वि.अ./ 2023
राजनांदगांव दिनांक-09/01/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक. चित्रसेन ठाकुर पिता टीला राम ठाकुर निवासी- जनता कॉलोनी, वार्ड नं. 31 लखोली, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा ग्राम रेवाडीह, प.ह.नं.-037, खसरा नंबर 468/4 रकबा 0.0320 हेक्टेयर, कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा-59 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

# प्रदेश में नए सरकार बनने के बाद शहर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का पहला धरना प्रदर्शन

## शहर में असंगठित मजदूर रैली निकाल कर अपनी मांगों के संबंध में की आवाज बुलंद

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के समय शहर में धरना-प्रदर्शन रैली आन्दोलन की बाढ़ आ गई थी। सत्ता जाने के बाद भाजपा की सरकार आते ही पिछले कुछ महिनों से शहर में धरना प्रदर्शन रैली आन्दोलन देखने को नहीं मिल रहा था। मंगलवार को जिले भर के असंगठित मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया व मजदूर संगठन सीटू के बैनर तले अपनी आवाजे बुलंद की। बताया जा रहा है कि यह आन्दोलन पूरे देशभर में हो रहा है। इस आन्दोलन में जिले भर के लगभग 400 की संख्या में मजदूर शामिल हुए व जिला कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन के पूर्व शहर में रैली निकाली गई।



### पेंशन एवं ग्रेच्युटी की मांग

सीटू के बैनर तले शहर में आयोजित असंगठित मजदूरों के धरना-प्रदर्शन रैली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं भोजन बनाने वाले रसोइयां भी शामिल हुए। इसी के साथ ग्रामीण स्वास्थ्य योजना के कर्मचारियों की भी उपस्थिति रही। जिले भर के इन असंगठित मजदूरों का कहना है कि पिछले छह साल में महंगाई बहुत बढ़ गई है। उक्तानुसार उनका मानदेय नहीं है। इस सन्दर्भ में कई बार शासन का ध्यान आकृष्ट किया जा चुका है। धरना-प्रदर्शन आन्दोलन किए जा चुके है, लेकिन शासन की ओर से इन मजदूरों के लिए कोई पहल नहीं किया जा रहा। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार भी न तो असंगठित मजदूरों को पेंशन दिया जा रहा है और न ग्रेच्युटी की सुविधा दी जा रही है। इसे लेकर मंगलवार की सुबह ग्यारह बजे के करीब मजदूरों द्वारा रैली निकाली गई व नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद सांसद कार्यालय पहुंच कर सांसद संतोष पांडेय के नाम ज्ञापन सौंपने की योजना थी। किन्तु सांसद महोदय की अनुपस्थिति में सीटू द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि जिले के सांसद इन असंगठित मजदूरों की मांगों के संबंध में संसद में उनकी वाजिब मांगों व हक को दिलवाने के लिए आवाज उठाएंगे। ताकि उन्हें सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पेंशन व गैच्युटी मिल सके। इस तरह शहर में मंगलवार को पहला धरना प्रदर्शन की शुरूआत हुई।

# कलेक्टर ने स्कूलों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यो के संबंध में समीक्षा की

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने की। उन्होंने विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यों अप्रारंभ कार्यों, अपूर्ण कार्यों एवं शाला भवन मरम्मत के कार्यों की विस्तार से जानकारी ली और इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसियां विशेष रूप से फिल्ड में जाकर पुराने अपूर्ण कार्यों को देखे और किन कारणों से वे कार्य पूर्ण नहीं हो पाए हैं, उन समस्याओं को दूर करते हुए उन्हें तत्काल पूर्ण कराएं।

शिक्षा विभाग के लिए कई छोटे-छोटे कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जो अभी अपूर्ण हैं, उन सभी कार्यों को त्वरित गति से पूरा कराने के लिए अधिकारी प्रयास करें। उन्होंने कहा



**अप्रारंभ व अपूर्ण कार्यों एवं शाला भवन मरम्मत के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश**

कि सभी स्वीकृत कार्यों की विकासखंड स्तर पर माह में कम से कम एक बार इनकी समीक्षा प्रारंभ करें और उनकी प्रगति के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि स्वीकृत कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराकर समय सीमा में कार्यों को पूरा कराएं। इसके अलावा स्कूल जतन योजना के कार्यों को भी पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि इन निर्माण कार्यों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण सहित मरम्मत के कार्य विशेष रूप से शामिल है, उन्हें पूरा कराया जा रहा है। बैठक में शिक्षा विभाग के सहायक संचालक श्री आदित्य खरे, एपीसी श्री केपी विश्वकर्मा सहित लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं जनपद के निर्माण एजेंसियों प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को मौन धारण कर दी श्रद्धांजंलि



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शहीद दिवस पर आज कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को मौन धारण कर श्रद्धांजंलि अर्पित की।

कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं कलेक्टोरेट के अधिकारी तथा कर्मचारियों ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को श्रद्धांजंलि दी। इस दौरान अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित कलेक्टोरेट के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आज से शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ जंगलपुर में



राजनंदगांव (दावा)। यहां से डोंगरगांव रोड पर 9 किलोमीटर दूर जंगलपुर में शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन शीतला मंदिर प्रांगण में 31 जनवरी से आरंभ होने जा रहा है। 8 फरवरी तक चलने वाले इस ज्ञान यज्ञ में कथावाचक कवर्धा निवासी आचार्य सुमित भारद्वाज होंगे। आयोजन के मुख्य यजमान त्रिभुवन कुमार साहू एवं श्रीमती कुमुद साहू हैं। जेठूमल साहू परिवार सहित सहित समस्त ग्राम वासियों ने आयोजन की पूरी तैयारी करते हुए अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

# आयुक्त ने प्रातः निरीक्षण में अधूरे निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कराने अधिकारियों को दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता प्रातः निर्माण कार्य एवं सफाई व्यवस्था की सत्त मानिटरिंग कर रहे है, इसी कडी में आज तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ नया व पुराना ढाबा तथा चिखली क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर निर्माण कार्य एवं सफाई व्यवस्था देख अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वही सफाई के संबंध में ढाबावासियो से रूबरू हो जानकारी लिये।



आयुक्त श्री गुप्ता प्रातः नया व पुराना ढाबा में सफाई निरीक्षण कर वार्ड प्रभारी एवं सफाई दरोगा से साफ सफाई एवं सफाई कर्मियों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नाली सफाई करने वाले सफाई कर्मी से चर्चा की, सफाई कर्मी ने बताया कि एक दो दिन में नाली की सफाई की जाती है, इस पर आयुक्त श्री गुप्ता, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा से कहा कि श्रमिक बाहुल्य वार्ड है, जिसे ध्यान में रखते हुये हर गली मोहल्ले में नियमित रूप से सफाई कराकर कचरा उठावे। तालाबों के आस पास भी साफ सफाई कर चुना पावडर डाले, उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जॉच कर वार्ड प्रभारी से अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में जानकारी ली। वार्ड प्रभारी ने बताया कि एक कर्मचारी मेडिकल में है एवं एक कर्मचारी छुटटी पर है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि छुटटी लेने वाले

**ढाबा व चिखली क्षेत्र में सफाई का निरीक्षण कर सफाई के संबंध में ढाबावासियों से हुये रूबरू**

कर्मचारियों के मेडिकल छुट्टी व अन्य छुट्टी की जानकारी लेकर नियमानुसार अवकाश स्वीकृत करे, लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन काटे। इसी प्रकार ठेका वार्ड के ठेकेदारों को भी साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने तथा कर्मचारियों की उपस्थिति सतप्रतिशत रखने निर्देशित करे। उन्होंने डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले स्वच्छता दीदी से कचरा संग्रहण व यूजरचार्ज वसूली की जानकारी लेकर निर्धारित समय तक कचरा संग्रहण करने व सतप्रतिशत यूजरचार्ज वसूली के निर्देश दिये। उन्होंने नया ढाबा में सफाई व्यवस्था के संबंध में वार्डवासियों से रूबरू हो चर्चा किये, उन्होंने कचरा गाड़ी आने की जानकारी ली, बुजुर्ग महिला ने बताया कि प्रतिदिन कचरा गाड़ी आती है, उसी में कचरा डालते है, और हर महिने 40 रूपया देते है।

आयुक्त श्री गुप्ता नया व पुराना ढाबा में निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान मुक्तिधाम निर्माण, नाला निर्माण देख निर्माण कार्य प्रारंभ की जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने बताया कि मुक्तिधाम निर्माण चल रहा है, नाली निर्माण का शेष कार्य ठेकेदार द्वारा किया जाना है। आयुक्त श्री गुप्ता मुक्तिधाम निर्माण में गुणवत्ता की कमी पर ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ काम करने व तराई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यपालन अभियंता से कहा कि जिन ठेकेदारों के द्वारा कार्य बंद कर दिया गया है, उन्हें नोटिस जारी करे तथा इनके कार्यो की बिलींग करे, ताकि शेष कार्य जल्द पूर्ण हो सके। इसी प्रकार जिनके द्वारा कार्य प्रारंभ नही किया गया है, उनसे कार्य प्रारंभ करावे। चिखली में शीतला तालाब के पास चल रहे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण हो जावे, इस संबंध में सभी तकनीकि अधिकारी सतत मानिटरिंग करे व कार्य में प्रगति लावे।

निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उपअभियंता सुश्री सुषमा साहू, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू उपस्थित थे।

# बापू के आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलिः कुलबीर



राजनांदगांव(दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 76वीं पुण्यतिथि पर 30 जनवरी मंगलवार को कांग्रेस भवन में महात्मा गांधी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। आयोजित संगोष्ठी सभा में बापू के अहिंसा और सदभावना के विचारों पर कांग्रेसजनों ने प्रकाश डाला।

**0 शहर कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर किया स्मरण**
**0 पुराना बस स्टैण्ड स्थित बापू की प्रतिमा में माल्यार्पण कर दी विनम्र श्रद्धांजलि**

सभा का संचालन कर रहे शहर जिला कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेस भवन में अंहिसा के पूजारी पूज्य महात्मा गांधी जी के पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों द्वारा श्रद्धांजलि देकर संगोष्ठी सभा आयोजित की गई।

संगोष्ठी सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि इतिहास भरा है वीर सपूतों की कुर्बानी से महात्मा गांधी जी के हर उन कार्यों से जो देश के स्वतंत्रता के लिए अंहिसा सत्य का पालन करते हुए देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज ऐसे विभूति की पुण्यतिथि पर हम उन्हें नमन करते हैं।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने अंहिसा के पुजारी बापू महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन पर संक्षिप्त में प्रकाश डालते हुए कहा कि आज पूरा विश्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को मानते है, क्योंकि गांधी जी के सोच के अनुरूप भारत देश में लोकतंत्र की स्थापना हुई थी। अंहिसा के पुजारी महात्मा गांधी की जीवनी को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। संगोष्ठी सभा के पश्चात कांग्रेसजनों द्वारा पुराना बस स्टैण्ड पर स्थित महात्मा गांधी जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

संगोष्ठी सभा को डा.आफताब आलम, मेहुल मारू, वरिष्ठ कांग्रेसी कमलजीत सिंह पिन्टू, रमेश राठौर, महामंत्री झम्मन देवांगन, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, निकहत परवीन ने अंहिसा के पूजारी महात्मा गांधी जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री हनी ग्रेवाल, मोहिनी सिन्हा, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, पार्षद मनीष साहू, महेश साहू, अतुल शर्मा, अब्दुल कादिर, मामराज अग्रवाल, प्रभात गुप्ता, डा.राकेश कुमार, भोला यादव, प्रतिमा बंजारे, मो शाबिर जिंदरान, सुरेन्द्र देवांगन, कांति देवांगन, मोहसिन कुरैशी, विष्णु सिन्हा, चेतन सोनवाने, संदीप जायसवाल, नासिर खां, डामनदास, डेविड यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। उपस्थित कांग्रेसजनों का शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

# एसपी गर्ग ने पावर लिफ्टिंग खिलाड़ी अंजू सिंह कि किया सम्मान

राजनांदगांव(दावा)। जिले की महिला प्रधान आरक्षक अंजू सिंह द्वारा पावर लिफ्टिंग में पहली बार नेशनल स्तर पर स्ट्रांग वूमन का खिताब हासिल कर पुलिस विभाग को गौरवान्वित किए जाने पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा उनका सम्मान किया गया।



**महिला प्रधान आरक्षक ने पुलिस विभाग को किया गौरवान्वित**

बता दें कि महिला प्रधान आरक्षक अंजू सिंह ने उक्त प्रतियोगिता में बॉड़ी वेट 72 कि.ग्रा. वर्ग में 340 कि.ग्रा. पावरलिफ्ट कर सिनियर वर्ग में गोल्ड मेडल एवं वेस्टन जोन नेशनल स्ट्रांग हूमेन का खिताब जीत कर छत्तीसगढ़ पुलिस को गौरवान्वित किया है। यही नहीं राज्यीय स्तर पर 6 बार स्ट्रांग वूमन का खिताब हासिल कर चुकी अंजू ने रायपुर में 12से 14 जनवरी तक आयोजित वेस्टन जोन नेशनल पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशीप गेम में भाग लेकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया और नेशनल स्तर पर स्ट्रांग वूमन का खिताब हासिल की। बताया जाता है कि पुलिस विभाग की महिला प्रधान आरक्षक अंजू सिंह महिला प्रकोष्ठ/रक्षित केन्द्र राजनांदगांव द्वारा पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ पुलिस का प्रधिनिधित्व कर रही थी। इसमें अंजू सिंह द्वारा बॉड़ी वेट 72 किलो ग्राम केटीगिरी में 340 कि.ग्रा. पावरलिफ्टिंग कर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पद्क विजेता रही एवं वेस्टन जोन नेशनल स्ट्रांग हूमेन का खिताब हासिल की। ज्ञात हो कि वेस्टन जोन नेशनल पॉवर लिफ्टिंग में अंजू सिंह द्वारा पहली बार नेशनल स्तर पर स्ट्रांग हूमेन का खिताब हासिल की है।

उनके 30 जनवरी मंगलवार को छत्तीसगढ़ वापस अपने यूनिट राजनांदगांव आने पर एवं छत्तीसगढ़ पुलिस का मान बढ़ाने हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा अंजू सिंह को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मानित किया गया साथ ही उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये बधाई दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालयिन स्टाफ उपस्थित थे।

# छुरिया जनपद के जनदर्शन में मिले 60 आवेदन पत्रों में से मौके पर 42 आवेदनों पत्रों का निराकरण

छुरिया (दावा)। कलेक्टर राजनांदगांव के निर्देश पर प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यालय जनपद पंचायत छुरिया में दिनांक 29 जनवरी, सोमवार को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जनदर्शन कार्यक्रम में कुल 60 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, 42 आवेदन पत्रों का निराकरण मौके पर ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा किया गया व आवेदकों को सूचना दिया गया। कुल आवेदनों में से राशन कार्ड-21, पेंशन संबंधी-01 प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)-07, मनरेगा-08, ग्रामीण यांत्रिकी शाखा-07 एवं अन्य-16 आवेदन पत्र प्राप्त हुये। जनपद स्तर पर आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में आमजनों के द्वारा सीधे मुलाकात कर आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया।

जनदर्शन के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी गयी। जनदर्शन कार्यक्रम में एस.के.ओझा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया, जी.पी.लारिया अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा), आशाराम कंवर, रजनी कश्यप, सहायक प्रोग्रामर मनरेगा एवं सभी शाखा के शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11.00 बजे से 01.00 बजे तक जनदर्शन आयोजित की जावेगी।

## दीवान चारभांठा में तीन दिवसीय कबीर सत्संग सम्मेलन 2 फरवरी से

राजनांदगांव (दावा)। भारत भूमि के रत्न, आध्यात्मिक मूल्यों के पोषक सतमत के प्रवर्तक, सत्य अहिंसा के पथ प्रदर्शक एवं मानवीय एकता के अवतार युग, दृष्टा संत सद्‌गुरु कबीर साहेब के प्रेरणा से ग्राम दीवान चारभांठा में दिनांक 2, 3 एवं 4 फरवरी 2024 दिन-शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार स्थान ग्राम-दीवान चारभांठा जिला-खैरागढ़ छु. गंडई प्रवचन कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक दोपहर 2 बजे से संध्या 5 बजे तक त्रिदिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन रखा गया है। जिसमें रामू साहेब जी ग्राम-मिरमिटी, कवर्धा से अपनी संत मंडली के साथ संगितमय प्रस्तुति देंगें। उनके पावन सानिध्य में उक्त तीन दिवसीय सत्संग प्रवचन का पुण्य लाभ लेने हेतु आप सपरिवार गरिमामयी उपस्थिति देकर अनुग्रहित करें।

# रोमांचक मुकाबले में नवल टाटा ने 'सडनडेथ' के जरिए सीटीसी महाराष्ट्र को हराया

## एसईआर कोलकता, सेल राउरकेला की एकतरफा जीत

राजनांदगांव (दावा)। एसईआर रेल्वे कोलकता ने एक आसान मैच में साई सुंदरगढ़ को 8-3 गोल से व दूसरे मैच में सेल अकादमी राउरकेला ने मेजर ध्यानचंद स्पोट्‌र्स कॉलेज सैफई को 4-1 गोल से पराजित करते हुए 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के अगले रांउड में पहुंची। वहीं एक अन्य रोमांचक व संघर्षपूर्ण मैच में नवल टाटा अकादमी जमशेदपुर ने सीटीसी महाराष्ट्र को सडनडेथ में 8-7 गोल से पराजित किया। आज मैच में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी श्री सत्यनारायण शर्मा, श्री शिव धकेता, श्री संजू पटेल, श्री अमित माथूर, श्री शिवा चौबे, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष श्री अशोक चौधरी ने खिलाडियों को पुरस्कृत किया।

स्टेडियम समिति द्वारा अन्तर्राष्ठीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन के पहले मैच में एसईआर कोलकता ने साई सुंदरगढ़ को एकतरफा मुकाबले में 3 गोल के विरूद्ध 8 गोल से पराजित किया। मैच के प्रारम्भ से ही रेल्वे के खिलाड़ी आक्रमण प्रारम्भ कर दिए थे और पहले क्वार्टर के दूसरे ही मिनट में अमनदीप लकरा ने पेनाल्टी कार्नर से गोल कर बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भी 24वें मिनट में रेल्वे के नोवल टोपनो ने गोल कर स्थिति 2-0 गोल पर ला दी थी। तीसरे क्वार्टर के 36वें मिनट में साई के आदित्य कुजूर ने गोल कर 2-1 गोल पर मैच ला दिया, लेकिन इसके बाद तीसरे व चौथे क्वार्टर में रेल्वे कोलकता ने एक के बाद एक 6 गोल किए, जिसमें अमरजीत लकरा, पीयूष लकरा, लेबन लुगुन, दीपक किशोर एक्का, बिरसा ओरिया ने यह गोल किया। वहीं सुंदरगढ़ की ओर से कप्तान इमन जोजो और आकाश एक्का ने गोल कर अपनी टीम के हार के अंतर को 8-3 गोल पर ला दिया।



### आज के मैच

पहला मैच दोपहर 12.15 बजे से जीएसटी चेन्नई विरूद्ध स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ

दूसरा मैच अपरान्ह 1.45 बजे से मणिपुर विरूद्ध नवल टाटा जमशेदपुर

तीसरा मैच अपरान्ह 3.30 बजे से महाराष्ट्र हॉकी विरूद्ध एसईआर कोलकता

दूसरे खेले गये आसान मैच में सेल हॉकी अकादमी राउरकेला ने मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई को 4-1 गोल से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। सेल ने पहले क्वार्टर के 15वें मिनट में कप्तान सोनू निषाद के गोल से 1-0 गोल की बढ़त बना ली थी। दूसरे क्वार्टर में भी 20वें मिनट में करन लकरा ने गोल कर मध्यांतर पूर्व 2-0 गोल से सेल को आगे कर दिया था। उत्तरार्ध के खेल के 44वें मिनट में सैफई के रोमित पाल ने मैदानी गोल कर स्थिति 2-1 गोल पर ला दी थी, लेकिन मैच के चौथे क्वार्टर में सेल ने 45वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर बनाया, जिस पर नबीन लकरा ने गोल किया और चौथा गोल 58वें मिनट में सेल के ही देवनाथ ननवार ने कर अपनी टीम को 4-1 गोल से जीत दिला दी। स्पर्धा में अब तक का सबसे संघर्षपूर्ण मैच नवल टाटा व सीटीसी मुम्बई के मध्य खेला गया, जिसमें सडनडेथ के जरिये नवल टाटा 8-7 गोल से विजय रही। मैच के प्रारम्भ से ही दोनों टीमें गोल करने के अवसर खोज रही थी और चौथे मिनट में मुम्बई के राज पाटिल ने गोल करते हुए 1-0 गोल की बढ़त दिला दी थी। दूसरा गोल मुम्बई ने 15वें मिनट में मिले पेनाल्टी कार्नर के जरिए ए. नाचप्पा ने गोल कर 2-0 गोल से बढ़त बना ली थी, लेकिन दूसरे क्वार्टर के 19वें मिनट में नवल टाटा को पेनाल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे उज्ज्वल पाल ने गोल में तब्दील कर 2-1 गोल की स्थिति पर मैच को ला दिया था। इसके बाद मैच के 51वें मिनट में मुम्बई के खिलाड़ी द्वारा गोल पोस्ट के ऊपर गलती करने का खामियाजा भुगतना पड़ा और टाटा को पेनाल्टी स्ट्रोक मिला, जिस पर पुनः उज्ज्वल पाल गोल कर मैच 2-2 गोल की बराबरी पर ला खड़ा किया। जिसके बाद मैच का निर्णय पहले पेनाल्टी शूट ऑउट के जरिए लिया गया। जिसमें भी दोनों टीमें 3-3 गोल की बराबरी पर थी। इसके बाद मैच का निर्णय सडनडेथ के जरिए हुआ। जिसमें नवल टाटा के दीपक सोरेंज ने निर्णायक गोल किया वहीं मुम्बई के राज पटेल गोल नहीं कर सकें।

आज के खेले पहले मैच में श्री राजेश जैन द्वारा प्रदत्त मैन-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार जोसेफ कोंगारी एसईसी रेल्वे कोलकता, दूसरे मैच में सोनू निषाद सेल अकादमी राउरकेला को और तीसरे मैच में भीमसेन किसकु नवल टाटा जमशेदपुर को नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

# मदिरा दुकान में अधिक दर पर शराब बिक्री कर शासकीय राशि का दुरूपयोग

**शासकीय कोष को नुकसान पहुंचाया गया**

राजनांदगांव (दावा)। जिले अंतर्गत आने वाले सभी मदिरा दुकानों में सहायक आयुक्त आबकारी विभाग द्वारा 1 अगस्त 2023 से ओवर रेट पर मदिरा की बिक्री कराई जा रही है. उक्त बिक्री में प्राप्त अतिरिक्त राशि को शासकीय कोष में जमा ना कर अन्य जगह जमा किया गया है. जिससे छत्तीसगढ़ शासन को करोड़ों रूपए के राजस्व की हानि हो रही है. आबकारी विभाग से इस संबंध में जानकारी चाही गई थी. लेकिन उनके द्वारा कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है. जबकि राजनांदगांव एवं रायपुर से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों ने इस संबंध में समाचार प्रकाशित किया था कि विभाग द्वारा ओवर रेट पर शराब बेची जा रही है. जहां मदिरा प्रेमियों द्वारा विरोध किया गया था. विरोध के बाद पुलिस विभाग राजनांदगांव द्वारा माहौल खराब ना हो इसके लिए मदिरा दुकानों का निरीक्षण भी किया गया था. आबकारी विभाग द्वारा ओवर रेट पर प्राप्त राशि का अपने निजी स्वार्थ में खर्च किया गया है. जो कि आर्थिक अपराध के अंतर्गत आता है. बसंत शर्मा ने उक्त विषय पर निष्पक्ष जांचकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें.

## अनमोल दावा

> ऐसे जियो जैसे कि, आपको कल मरना है और सीखें ऐसे जैसे आपको हमेशा जीवित रहना है।

# परियोजनाओं में देरी के लिए सरकारी इच्छाशक्ति का अभाव ही मूल कारण

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में देरी कोई नई बात नहीं है। हालांकि इस समस्या से पार पाने के लिए समय-समय पर सख्ती बरतने का प्रयास होता रहा है, मगर अब तक उल्लेखनीय नतीजे नहीं निकल पाए हैं। यही वजह है कि विलंब से चल रही परियोजनाओं की लागत बढ़ जाती है, जिसका बोझ सार्वजनिक खजाने पर पड़ता है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक डेढ़ सौ करोड़ रुपये से अधिक खर्च वाली चार सौ इकतीस बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत 4.82 लाख करोड़ रुपए से अधिक बढ़ गई है। मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार बीते दिसंबर तक एक हजार आठ सौ बीस ऐसी परियोजनाएं देर से चल रही थीं, जिनमें से चार सौ बत्तीस परियोजनाओं की लागत बढ़ गई है। ये परियोजनाएं औसतन तीन वर्ष से अधिक की देरी से चल रही हैं। इसके प्रमुख कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग से मंजूरी मिलने में देरी और बुनियादी संरचना में कमी को बताया गया है। इसके अलावा परियोजना का वित्तपोषण, विस्तृत अभियांत्रिकी को मूर्त रूप देने में देरी, परियोजनाओं की संभावना में बदलाव, निविदा प्रक्रिया और ठेके देने में देरी, उपकरण मंगाने में विलंब, अप्रत्याशित भू-उपयोग में परिवर्तन आदि भी बड़े कारण हैं।

ये सारी वजहें पहले भी बताई जाती रही हैं। इससे निपटने के लिए परियोजना में देरी होने पर ठेकेदार से प्रतिदिन के हिसाब से विलंब शुल्क वसूलने का प्रावधान किया गया। तब माना गया कि इससे परियोजनाएं समय पर पूरी हो सकेंगी और उन पर लागत बढ़ने के खर्च से बचा जा सकेगा। मगर अब भी चार सौ से ऊपर परियोजनाएं अगर तीन वर्ष की औसत देरी से चल रही हैं, तो जाहिर है कि परियोजनाओं को मंजूरी देने से पहले उनके व्यावहारिक पहलुओं का मूल्यांकन ठीक से नहीं किया जाता। आमतौर पर सड़कों, पुलों आदि जैसी बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं का निर्णय राजनीतिक स्तर पर ले लिए जाते हैं। उनके मूल्यांकन में प्राय- संभावित अड़चनों, मसलन भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण संबंधी मानक, भू-उपयोग आदि को लेकर लापरवाही बरती जाती है। बिना जरूरी मंजूरी के परियोजनाओं के ठेके इस विश्वास के साथ दे दिए जाते हैं कि उन अड़चनों से पार पा लिया जाएगा। इसका नतीजा यह होता है कि कहीं अगर परियोजना के बीच में आने वाले किसी छोटे से हिस्से पर भी किसी ने मुकदमा कर दिया, तो वह तब तक लटक जाती है, जब तक न्यायालय का निर्णय नहीं आ जाता। मुआवजे आदि को लेकर भी विवाद पैदा हो जाते हैं। यह भी छिपी बात नहीं है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं में देरी और फिर उनकी लागत बढ़ने के पीछे बड़ा कारण भ्रष्टाचार है। ठेकेदार और वित्तपोषण करने वाले विभाग के बीच अक्सर भुगतान को लेकर रस्साकशी देखी जाती है। समय पर भुगतान न मिल पाने से ठेकेदार काम बीच में छोड़ देते हैं। भुगतान समय पर न मिलने के पीछे अक्सर कमीशनखोरी बड़ा कारण होती है। इस पर अनेक निर्माण कंपनियां सार्वजनिक रूप से असंतोष प्रकट कर चुकी हैं। परियोजना में विलंब होने का अर्थ है कि उसमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री और सेवाओं की कीमत बढ़ती जाती है। कई बार सक्षम ठेकेदारों को काम न दिए जाने की वजह से भी उनमें जिस ढंग की अभियांत्रिकी का उपयोग अपेक्षित होता है, वह नहीं हो पाता। ये सारे तथ्य किसी से छिपे नहीं हैं, मगर इनमें सुधार के व्यावहारिक उपाय नहीं किए जाते तो जाहिर है, परियोजनाओं को समय पर पूरा कराने की इच्छाशक्ति का अभाव है।

# हां, भाजपा है चौकीदार पर हिंदुत्व की

**जगदीश पवार**

2014 के लोकसभा चुनाव में ''मैं भी चौकीदार'' का सूत्र खूब चला था। उस समय प्रधानमंत्री सहित उन के कई मंत्री और नेता ''मैं भी चौकीदार'' की जो मुहिम चला रहे थे, वह असल में किस की चौकीदारी की बात कर रहे थे? इसका चिन्तन तो होना ही चाहिए। क्या इस देश की धार्मिक अंधविश्वास की चौकीदार की? आम गरीब, दलित, पिछड़े, किसान, अल्पसंख्यक की सुरक्षा की? अधिकांश चौकीदार का तगमा लगाए ब्राम्हण ही थे। क्योंकि, उन्हें अपना कामकाज जो बचाना था। तत्कालिन केन्द्र में भाजपा की अगुआई वाली सरकार आखिर किस की चौकीदारी कर रही थी? कांग्रेस की ''चौकीदारी चोर है'' मुहिम के बाद भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया में अपने नाम के आगे चौकीदार लगाने का अभियान चलाया था। प्रधानमंत्री के ट्विटर पर नाम से पहले चौकीदार लगाने के बाद भाजपा के दूसरे नेताओं ने भी 'मैं भी चौकीदार' बोलना शुरू कर दिया था। भाजपा का यह अभियान ट्विटर पर ट्रेंड भी करने लगा। इसे लेकर भाजपा और विपक्षी दलों में सोशल मीडिया पर वार छिड़ गई। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी कहते रहे कि प्रधानमंत्री इस सच्चाई को नहीं दबा सकते कि वोट के लिए अपने को चौकीदार बता रहे हैं। जब कि, पिछले चुनाव के समय वोट की खातिर खुद को ''चायवाला'' कह कर प्रचारित किया था। लोकसभा के 2019 के आम चुनावों में जिस तरह से प्रचार चला था, उस में जनता से जुड़े किसी मुद्दे की चर्चा ही नहीं हुई थी। 2014 में भाजपा विकास का नारा लेकर सत्ता में आई थी। पर शीघ्र ही वह अपनी हिदुत्ववादी एजेंडे पर उतर आई थी। गौरक्षा, वंदेमातरम्, समान नागरिक संहिता, जम्मू काश्मीर में 370 खत्म करने का मुद्दा, राष्ट्रवाद, राममंदिर निर्माण, आसमानी मूर्तियों का निर्माण, दलितों का दमन, मौबलिचिंग, तीन तलाक, योग, आयुर्वेद, संस्कृत की अनिवार्य शिक्षा, इतिहास पुनर्लेखन, नदियों की सफाई का ढ़ोग, तीर्थो का विकास, अर्द्धकंभ का महाकुम्भ के रूप में आयोजन जैसे मुद्दे जोरशोर से उठाए गए थे।

विज्ञान पर हमले शुरू कर दिए गए। आधुनिक वैज्ञानिक उपलब्धियों को पौराणिक काल की करार देनें की कोशिशें शुरू कर दी गई तामि पौराणिक विचार सर्वोपरि बताकर स्थापित किए जा सके। हिन्दुत्ववादी सोच को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से पौराणिक विज्ञान की बातें कर तार्किक और वैज्ञानिक सोच पर हमला किया जा रहा है। 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं मुंबई के रिलायंस हास्पिटल के एक कार्यक्रम में कहा था कि पौराणिक काल में भी आनुवांशिक विज्ञान मौजुद था। महाभारत के कर्ण अपनी मां की कोख से पैदा नहीं हुवे थे। इस का मतलब है कि उस समय भी जेनेटिक साइंस था, जिससे वह अपनी मां के गर्भ से बाहर पैदा हो सके। उन्होने गणेश के बारे में प्राचीनकाल में प्लास्टीक सर्जरी के प्रमाण के रूप में उल्लेख करते हुवे कहा था कि उस समय किसी प्लास्टिक सर्जन ने हाथी के सिर को मानव शरीर पर लगाया होगा। भाजपा के नेता पुष्पक विमान को लेकर भी तमाम दावे करते रहे है। यानी, भाजपाई जिनमें तत्कालिन मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री सत्यपाल सिंह ने चार्ल्स डेविन के सिद्धांत को गलत बताया था। उन्होने कहा था कि किसी ने भी बंदर को आदमी में बदलते हुए नहीं देखा था। त्रिपुरा के तत्कालिन मुख्यमंत्री बिप्लब देव ने भी अपना पौराणिक ज्ञान देते हुए फरमाया था कि भारत में टैक्नालाजी, महाभारत के समय से विकसित हैं। महाभारत में इंटरनैट, सैटेलाइट जैसी सुविधाएं उपलब्ध थी। अगर ऐसा नहीं होता तो संजय घृतराष्ट्र को युद्ध का विवरण कैसे सुनाते? उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा था कि राजा जनक की टैस्टट्यूब बेबी था। पैराणिक कथा के अनुसार, सीता खेत में पड़े एक घड़े में मिली थीद्ध भाजपा के नेता पुष्पक विमान को ले कर तमाम दावे करते रहे हैं। यानी, भाजपाई सभी पौराणिक कथाओं की विज्ञान का चमत्कार साबित करने पर तुले थे।

### कट्टर संगठनों का खौफ

भाजपा के सत्ता में आने के बाद हिंदू संगठनों ने दलितों पर बेखौफ हो कर हमले किए. सहारनपुर में दलितों की बस्ती में आग लगा दी गई. दलित नेता चंद्रशेखर रावण को देशद्रोह के आरोप में जेल भेज दिया गया.महाराष्ट्र के भीमा कोरेगांव में दलितों पर हमला किया गया. घरों में तोड़फोड़, आगजनी की गई, गाड़ियां जला दी गईं. इस हमले में कई दलित घायल हो गए थे.

शैक्षणिक संस्थानों में हिंदुत्व विचारधारा थोपने के प्रयास किए गए. दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में दलित, वंचित तबकों के छात्रों की छात्रवृत्ति बंद करने की कोशिशें की गई. धर्म, जाति, भ्रष्टाचार से आजादी की मांग उठाने पर कई छात्रों पर देशद्रोह के मुकदमे कायम करा दिए गए. हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय में रोहित वेमुला को आर्थिक, सामाजिक तौर पर प्रताड़ित कर के उसे आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर दिया गया. सितंबर 2017 में बेंगलुरु में कन्नड़ लेखिका व पत्रकार गौरी लंकेश की हिंदू कट्टरवादियों ने घर में घुस कर गोलियों से हत्या कर दी. तर्कवादी नरेंद्र दाभोलकर, गोविंद पानसरे, प्रोफैसर एम एम कलबुर्गी जैसे उदारवादी लेखकों, चिंतकों की आवाजें गोलियों से बंद कर दी गईं. इन घटनाओं के आरोपियों को भाजपा की सत्ता ने न केवल बचाने की कोशिशें कीं, जांचकार्य को प्रभावित भी किया. धर्म, जाति के नाम पर देशभर में नफरत, हिंसा फैलाने और संविधान के उल्लंघन की शुरुआत कर दी गई. पिछले 5 वर्षों से जिस राष्ट्रवाद का राग आलापा जा रहा है वह वास्तव में हिंदू राष्ट्रवाद है ताकि सिर्फ ब्राह्मणों की सलाह से हर काम होता रहे.

### वोट हथियाने की साजिश

देश की 140 करोड़ जनता के लिए चौकीदार को लोकसभा चुनाव का मुद्दा बनाया जा रहा। इस से पहले 'मोदी है तो मुमकिन है' नारे को प्रचारित किया गया. पिछले 2014 के चुनावों में प्रधानमंत्री को चाय वाला के रूप में प्रचारित किया गया था. यानी इस देश का प्रधानमंत्री खुद को चाय वाला, चौकीदार बता कर उन निचले, दलित, पिछड़े वर्गों को अपने साथ जोड़ लेना चाहता है जो छोटेछोटे कामधंधे, नौकरी कर रहे हैं. क्या चाय वालों और चौकीदारों की दशा सुधर गई? भाजपा के शासन में इन निचले तबकों की कोई तरक्की नहीं हुई. दलित, पिछड़े, गरीब वर्गों को चौकीदार की जरूरत ही नहीं पड़ती. यह वर्ग तो खुद औरों की चौकीदारी करता है और अपना पेट पालता है. प्रधानमंत्री और उन का पूरा मंत्रिमंडल फिर किस की चौकीदारी की बात कर रहा है? देश के खजाने के पैसे की.वह पैसा किस के पास रहता है ? नौकरशाहों के, चुन कर आए नेताओं के पास. ये लोग कितने होंगे ? गिनती के. प्रधानमंत्री की सारी कवायद यही है कि ये लोग भ्रष्टाचार न करें. सारी तो क्या, प्रधानमंत्री केवल चंद लोगों की चौकीदारी करने के लिए इसे इतना बड़ा मुद्दा बना रहे हैं.

### यह कैसी चौकीदारी

बात चौकीदारी की हो तो भाजपा की सरकार रहते हुए विजय माल्या 9 हजार करोड़ रुपए ले कर कैसे भाग गया? कई बैंकों का पैसा ले कर नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, ललित मोदी कैसे फुर्र हो गए? राफेल सौदे पर क्यों बवाल मचा हुआ है ? सौदे के गायब दस्तावेजों पर सरकार क्यों डरी हुई है? सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के 2 बेटों का विदेशों में कालाधन होने का मामला पब्लिक डोमैन में है. इन मामलों को ले कर चौकीदार की ईमानदारी पर सवाल उठ रहे हैं.कालाधन जमा करने वालों के नाम संसद में उजागर नहीं होने दिए गए. सुप्रीम कोर्ट ने नामों की लिस्ट मांगी, तब दी गई, पर नाम जाहिर न करने की अदालत से गुहार की गई. जाहिर है चौकीदारी का यह अभियान आम लोगों के लिए तो नहीं है. किसान, बेरोजगार, अल्पसंख्यक, गरीब, वंचित, दलित, पिछड़े बगैर चौकीदारी के त्रस्त हैं, पिस रहे हैं. उन के बुनियादी हक तक उन्हें मुहैया नहीं हो रहे. देशभर के असल चौकीदार मीडिया के सामने आ कर कह रहे हैं उन्हें न्यूनतम वेतन भी मुहैया नहीं है.

नोटबंदी और जीएसटी लागू कर के छोटे कारोबारियों को खत्म कर दिया गया. उन का तो धंधा उलटे लूट लिया गया. हां, भाजपा चौकीदार है तो सिर्फ हिंदुत्व की. भाजपा पंडों, पुजारियों, गौरक्षकों, साधु, संतों, गुरुओं, ज्योतिषियों, प्रवाचकों, योगाचार्यों के धंधे की रखवाली करती आई है. उन के धंधे को और बढ़ाने में मदद कर रही है. धर्म के नाम पर तमाम तरह के ढोंग करने वालों और राममंदिर बनाने वालों की जरूर चौकीदार है वह. इन लोगों के धंधे की चौकसी सरकार बखूबी करती आई है भले ही धर्म के नाम पर धंधा करने वाले कई बाबा बलात्कार के मामलों में बैठे हों।

सदियों से धर्म के जरिए जिस तरह जनता को बेवकूफ बनाया जाता रहा है, 'मैं भी चौकीदार' जैसा प्रचार अभियान भाजपा का एक और ढोंग ही है, इस से किसी का भला नहीं होगा. हां, भाजपा एक बार फिर सत्ता में आ कर फिर से धर्म के धंधेबाजों की चौकीदारी करती रहेगी. इस से न तो जनता का विकास होगा, न देश का.

विकास के एजेंडे से हट कर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की रणनीति अपना ली गई. देश में हिंदूराज स्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई. 1925 में बने संघ का सपना भारत में हिंदूराज की स्थापना करने का ही रहा है. उस के नेता समयसमय पर हिंदूराज का राग अलापते आ रहे हैं. देश में पेशवाराज जैसी नीतियां सफल होती दिख रही हैं. 2014 के बाद भाजपा सरकार द्वारा भारत को एक अलग तरीके के राष्ट्रवाद की स्वीकृति दिलाने की कोशिशें की गईं जिस का आधार हिंदू धर्म है. संघ और भाजपा शुरू से लोकतांत्रिक धर्मनिरपेक्ष भारत की अवधारणा से सहमत नहीं रहे. हिंदुत्व को मुख्यधारा की राजनीति में लाने में भाजपा कामयाब होती दिख रही है. भाजपा गैरबराबरी वाली व्यवस्था आधारित धर्म के बल पर देश को चलाना चाहती है.

**- सरिता (मई-2019) के अंश**



## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 53: गौतम ऋषि के आश्रम में इंद्र ने फैलाई अपनी माया

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम ने कहा, ''तो इसका अर्थ यह है गुरुदेव कि इस आश्रम क्षेत्र के शापित दिखाई देने का देवराज इंद्र की घटना से संबंध है।''

''तुमने उचित कहा है राम! यह घटना मानव सभ्यता के इतिहास के एक अति महत्वपूर्ण आख्यान की दृष्टि से भी जानने योग्य है। अतः मैं तुम दोनों को इसकी जानकारी दूंगा।''

गुरु विश्वामित्र और राम लक्ष्मण ने आश्रम के मुख्य द्वार से भीतर प्रवेश किया। भूमि पर पेड़ों से गिरे हुए पत्तों की कई परतें हैं, इससे यह अनुमान लगाना सहज है कि इस आश्रम का नियमित रखरखाव नहीं हो रहा है।

ब्रह्मा जी ने अहल्या के रूप में एक ऐसी कन्या की रचना की जो दोष से रहित है। ब्रह्मा जी ने अपने इस मानस पुत्री को सदैव 16 वर्ष की अवस्था वाली चिरयौवना बने रहने का वरदान दे दिया। देवराज इंद्र की की दृष्टि अनिंद्य सुंदरी अहल्या पर पड़ी और वह उसे प्राप्त करने के लिए तीव्र उत्कंठा रखने लगा। सभी प्रकार से उपयुक्त वर जानकर ब्रह्मा जी ने अहल्या का विवाह गौतम ऋषि से कर दिया। गौतम मुनि ऋषि परंपरा के विख्यात आचार्य हैं।अपने तेज और तप में गौतम ऋषि जंबू द्वीप के श्रेष्ठतम तपस्वियों में गिने जाते हैं। देवराज इंद्र अहल्या पर अपना अधिकार समझते थे। वे इस घटना को स्वीकार नहीं कर पाए और उन्होंने छल से अहल्या को प्राप्त करने के लिए एक षड्यंत्र रचा। एक रात इंद्र गौतम ऋषि के इस आश्रम क्षेत्र में आ पहुंचे। अभी मध्य रात्रि ही थी। इंद्र ने अपना मायाजाल फैलाया और ऋषि को ऐसा लगा जैसे सवेरा हो गया है, कुक्कुट के बोलने की ध्वनि सुनाई दी। जैसे चंद्रदेव भी इंद्र के षड्यंत्र में शामिल हो गए हों, अंबर में चंद्र देव थोड़ी देर के लिए ओझल हो गए। ऋषि ने प्रातः का ब्रह्म मुहूर्त जानकर स्नान के लिए नदी की ओर प्रस्थान किया। इंद्र ने गौतम ऋषि का वेश बनाकर आश्रम में प्रवेश किया।वह शयन कक्ष में पतिव्रता अहल्या के पास जा पहुंचा। देवराज होते हुए भी इंद्र का स्वयं अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण नहीं था। इंद्रियों पर नियंत्रण रखने वाले धूल से तपस्वी बन जाते हैं और इंद्र जैसे स्वर्ग के अधिपति भी अपने पतन की ओर उन्मुख हो जाते हैं।

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है, लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों- युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं। इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

## शब्द सामर्थ्य -319


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 318 का हल**



## लघुकथा

### // हथकड़े //

कंधे पर बैग लटकाए एक युवक बस पर चढ़ा। सामने एक भी सीट खाली नहीं थी। पीछे की ओर नजरें दौड़ाई। एक सीट दिखी उसे, जिस पर एक युवती पहले से बैठी हुई थी। जाकर बैठ गया उसी सीट पर। युवती को अन्कम्फर्टेबल लगा। बोली तो कुछ नहीं, पर वह चाहती थी कि युवक उस सीट पर न बैठे।

बस चल पड़ी। युवक बिल्कुल शांत बैठा हुआ था। अब बस जितनी तेज गति से चलने लगी, उतनी ही तेजी से युवती का दिमाग चलने लगा। आखिर उसने मन बना ही लिया कि युवक को अपनी सीट से जैसे भी हो भगाया जाये। फिर उसने अपना तमतमाया-सा चेहरा बनाया। झिड़की निकली- ''ऐ मिस्टर! ठीक से बैठिए। ये क्या है? आप जैसे लड़कों को मैं अच्छी तरह समझती हूँ। शरीफ लड़कियों को देखते ही बस...।''

युवती की कें... कें... आवाज सुन बस के सभी यात्री युवक पर चिल्लाने लगे। युवक कुछ कह ही रहा था कि सबने उसे चुप करा दिया। युवक को सीट से उठना ही पड़ा। युवती मुस्कुरा रही थी।



टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''
व्याख्याता (अंग्रेजी)
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)
सम्पर्क- 9753269282

## कविता


### अवध के प्रभु प्यारे राम

अवध के प्रभु प्यारे राम, माता-पिता के दुलारे राम
भक्तों के प्रभु सहारे राम, सबके जीवन सवारे राम।।
दुख भंजन कहलाते राम, आनंदकंद मन भाते राम
दुखियों के दुख हरते राम, शरणागत कहलाते राम।।
मर्यादा पुरुषोत्तम राम, रघुकुल दीपक सर्वोत्तम राम
प्रभु परमेश्वर प्रतापी राम, सबके प्यारे अनुपम राम।।
पंकज लोचन प्रभु श्री राम, कमल नयन हैं श्री राम
परम मनोहर अद्भुत राम, शशि मुख छबि श्री राम।।
दया के सागर हैं श्री राम, सबके दुख हर लेते राम
दीनों के बंधु हैं श्री राम, बड़े दयालु हैं प्रभु श्री राम।।
गौ ब्राम्हण के रक्षक राम, सुर-संतन हितकारी राम
मात-पिता के सेवक राम, गुरुजनों आज्ञाकारी राम।।
जन हितैषी हैं वत्सल राम, न्याय धर्म प्रियवर राम
मंगल मूर्ति जय श्री राम, भक्तों के प्रिय रघुवर राम।।




अशोक पटेल ''आशु''
मेघा, धमतरी (छ.ग.)
9827874578

## राशिफल



**मेष**

अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपका अच्छा व्यक्तित्व समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के जो जातक ठेकेदार हैं उनके लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है।



**वृषभ**

आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। कई सालों से नहीं बिक रही जमीन आज अच्छे दामों में बिकने के योग हैं। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बनाएंगे। आपकी मुलाकात हो सकती है।



**मिथुन**

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मित्र से कॉल पर बात होगी और पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। इस राशि के विवाहित पुरूष आज जीवनसाथी को साड़ी गिफ्ट करें तो रिश्ते में और मधुरता आएगी। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।



**कर्क**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। पड़ोसी जिनसे पहले अनबन हुई थी वो आज सब भुलाकर दोस्ती का हांथ बढ़ाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। एग्जाम से रिलेटेड कोई शुभ समाचार मिल सकता हैं। आप आज जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे।



**सिंह**

आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज ऑफिस के काम का लोड ज्यादा हो सकता है, जितनी सहजता से करेंगे उतनी ही जल्दी काम पूरा होगा। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन सकता है।




**कन्या**

आज का दिन नई खुशियां लेकर आया है। आप अपने मित्र के साथ बाहर जा सकते हैं, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है। साथ में किसी मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। परिवार के साथ डिनर बाहर करने का प्लान बनाएंगे।



**तुला**

आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में आज बॉस अधूरे कार्यों को देखकर आपकी क्लास लगा सकते हैं। बेहतर होगा कि अपना काम समय से पूरा कर लें। इस राशि के जातक जो राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा।



**वृश्चिक**

आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपकी कोई अधूरी इच्छाएं पूरी होगी। लवमेट के साथ शादी फिक्स होने के योग बन रहे हैं। दोस्तों के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बन सकता है। बिजनेस के सिलसिले में आपका बाहर जाने का प्लान बनेगा। आपका रुका काम आसानी से पूरा हो जाएगा।



**धनु**

आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आएगा। साइंस से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर होगा।



**मकर**

आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बितेगा। परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप का प्लान बना सकते हैं। परिवार के सभी सदस्यों को आनंद की प्राप्ति होगी। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा होने वाला है। आज किसी बड़ी पार्टी से बुकिंग का आर्डर मिल सकता है।



**कुंभ**

आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ बाहर घूमने का प्लान बन सकता है। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आप अपना पैसा किसी धार्मिक काम में लगाएंगे, तो आपका मन शांत रहेगा। आज आपके जरूरी कामों में जीवनसाथी का योगदान कारगर साबित होगा।



**मीन**

आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर ज्यादा सोच विचार करने से बचें। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छाएं आएंगी। इस राशि वाले छात्रों के लिए फार्म भरने संबंधी कार्य के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार वालों के साथ शाम के समय किसी मॉल में शापिंग करने के लिए जाएंगे।

# गणतंत्र दिवस पर्व पर राजा फतेह सिंह खेल मैदान में सांसद संतोष पाण्डे ने झंडा फहराया और परेड की ली सलामी

खैरागढ़ (दावा)। छुईखदान-गंडई जिला में 26 जनवरी का पर्व जिला मुख्यालय के राजा फतेह सिंह खेल मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने राष्ट्रध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया। सांसद संतोष पाण्डेय ने जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम समारोह का आयोजन राजा फतेह सिंह खेल मैदान में आयोजित किया गया। गणतंत्र दिवस के इस कार्यक्रम में जिन शस्त्र प्लाटून ने हिस्सा लिया उनमें मुख्य रूप से आईटीबीपी, छत्तीसगढ़ शस्त्रबल, जिला महिला पुलिस बल, जिला पुलिस बल, एनसीसी, स्काउट व गाईड शामिल रहे। इन सभी का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक के.देव राजू, ने किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय ने शांति के प्रतिक कबूतर और गुब्बारे छोड़े। उन्होंने जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होने शहीदों के परिवार जन एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को श्रीफल एवं शाल से सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य धम्मन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष लीला प्रकाश मंडावी, भागवत शरण सिंह, टी.के.चंदेल, रामाधार रजक, आलोक श्रीवास, शैलेंद्र मिश्रा, विकेश गुप्ता,




मुख्य अतिथि ने किया मुख्यमंत्री के संदेश वाचन और किया पुरस्कार वितरण

अजय जैन, राकेश गुप्ता, खम्मन ताम्रकार, लक्ष्मीचंद आहूजा, टिलेश्वर साहू, अनूप वर्मा, रामेश्वर रामटेके, निलीमा गोस्वमी, गिरीजा चंद्रकार, मोनिका रजक, रूपेंद्र रजक, कैलाश नागरे, सुमित टांडिया, त्रिवेणी देवांगन, राजेश देवांगन, रेखा विकेश गुप्ता, विनय देवांगन, विकेश गुप्ता, नंद चन्द्राकर, कामता यादव, देवंतीन कमलेश कोठले, कृष्णा वर्मा, कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, पुलिस अधिक्षक अंकिता शर्मा, अपर कलेक्टर दशरथ राजपूत, प्रकाश राजपूत, उप पुलिस अधिक्षक नेहा पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर ज्योति पटेल, आभा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर प्रसाद साहू के अलावा अधिकारी और कर्मचारीगण, मीडिया के प्रतिनिधि, बडी संख्या में नागरिकगण एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र उपस्थित थे।



### लोकनृत्यों सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रदर्शन से विद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने बांधा समा

जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में जिले के विभिन्न विद्याालयों के छात्र छात्राओं द्वारा आर्कषक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके तहत सेजस विद्यालय बालक एव बालिका, नीरज माईलस्टोन पब्लिक स्कूल, कन्या विद्यालय, वेसलियन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, वही इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य पर अधारित मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा जिले के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक व्यायाम प्रर्दशन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आर्कषक प्रस्तुति के लिए वेसलियन पब्लिक स्कुल को प्रथम, कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला को द्वितीय, माईलस्टोन को तृतीय पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। व्यायाम प्रर्दशन में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक शाला को प्रथम, सेजस कन्या विद्यालय को द्वितीय एवं शासकीय हाईस्कूल अमलीपार को तृतीय पुरूस्कार से सम्मानित किया गया गणतंत्र दिवस के अवसर में आयोजित परेड में छत्तीसगढ़ शस्त्रबल प्रथम, जिला पुलिस बल द्वितीय, जुनियर ग्रेड में सेजस कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रथम, सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़ द्वितीय, पुरूस्कार से सम्मानित किया गया।

### विभिन्न विभागों के झांकियों का हुआ प्रर्दशन

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विभागों के झांकियों के तहत कुल 12 विभागों ने विकास मूलक एवं हितग्राही मूलक योजनाओं को प्रर्दशित करने वाली झांकियों को सम्मलित किया गया। इनमें कृषि, उद्यानिकी, वन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिम जाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामिण विकास विभाग, पशुधन विकास विभाग, मत्शय विभाग, खाद्य एवं सहकारिता विभाग तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग प्रमुख हैं। इनमें आदिम जाति कल्याण विभाग की झांकी को प्रथम, शिक्षा को द्वितीय, और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को तृतीय पुरूस्कार से सम्मानित किया गया।

## पहला कॉलम...

### मनुष्य को उसके कर्तव्यों का बोध कराती है रामकथा - स्वामी आत्मानंद सरस्वती



डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस व छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी के पैतृक ग्राम पुरैना डोगरगढ़ में श्री राम कथा चल रही हैं संगीतमय रामकथा का श्रद्धालुओं ने रसपान किया। जगत गुरु स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि श्रीराम कथा विश्व कल्याणदायनी है, लोक मंगलकारी है। प्रभु श्रीराम का आचरण एवं व्यवहार अपनाने से जीवन आनंदमय हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीराम कथा के माध्यम से मानव जीवन संबंधों की महत्ता स्थापित की है।

यही वजह है कि श्रीरामचरित मानस में गुरु, माता-पिता, पुत्र-पुत्री, भाई, मित्र, पति-पत्नी आदि का कर्तव्य बोध एवं सदाचरण की सीख हमें सर्वत्र मिलती है। कथा में उन्होंने बताया कि भक्ति मार्ग में सुख शांति का प्रभा है, जहां आनंद की शीतल छाया मिलती है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में श्रद्धा को भवानी और विश्वास को शंकर का प्रतिरूप मानते हुए दोनों की समवेत वंदना की है। कहा कि परमात्मा से जुड़ने के लिए श्रद्धा और विश्वास ही तो साधन बनता है। कथा की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब इसे हम दैनिक जीवन के व्यवहार में शामिल करते हैं। राम कथा सुनने से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और मन में शांति व मुक्ति मिलती है। भगवान राम का प्रिय भक्त बनना है तो हनुमान के चरित्र से सीख लेनी होगी। श्री राम कथा के आयोजक लोधी ट्रेवल्स के सुप्रीमों सीपर राम लोधी, मुख्य यजमान ईश्वर, अधिवक्ता कमल लोधी, नारद लोधी, विष्णु लोधी, दिव्यपाल, मेघराज लोधी, नयन, भार्गव आदि समस्त लोधी परिवार कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हैं।

### तुमड़ीलेवा में दो दिवसीय मानस गायन महोत्सव 3 फरवरी से

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखण्ड के आश्रित ग्राम घुमरिया धाम तुमड़ीलेवा में प्रतिवर्षानुसार दो दिवसीय मानस महोत्सव का आयोजन घुमरिया मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासी तुमड़ीलेवा के सौजन्य से 03 फरवरी से 4 फरवरी तक रखा गया है। जिसमें दीप प्रजव्वलित एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 02 फरवरी को रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं रंगकर्मी कोमल सिंह महानदिया एवं अध्यक्षता खिलेश कुमार पटेल समाजसेवी प्रो.यशोदा इंटरप्राइजेस डोंगरगांव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वही विशेष अतिथि के रूप में नालेश्वर धनकर, धनकर वेल्डिंग वर्कशॉप खुर्सीटिकुल, तामेश्वर देवांगन, जीवन इलेक्ट्रिकल मोहड़, केशव साहू समाजसेवी पाण्डुका एवं लच्छन पटेल माथलडबरी उपस्थित रहेंगे।

दो दिवसीय मानस ज्ञान के उद्घाटन समारोह दिनांक 03 फरवरी दिन शनिवार को मुख्य अतिथि के आसंदी पर श्रीमती छन्नी साहू पूर्व विधायक खुज्जी विधानसभा, अध्यक्षता श्रीमती कांति भंडारी सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव एवं विशेष अतिथि के रूप में गिरधारी लाल साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा, डुमेश्वर साहू पूर्व जनपद सदस्य, कामता प्रसाद साहू सचिव जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव एवं श्रीमती भारती देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत सोमाझिटिया मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। वही समापन समारोह दिनांक 04 फरवरी दिन रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में जगदीप सिंह भाटिया पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो, अध्यक्षता हिरेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला किसान मोर्चा भाजपा राजनांदगांव एवं विशेष अतिथि के रूप में एकांत चंद्राकर जनपद उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, श्रीमती जागृति चुन्नी यदु जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव, बोधन साहू अध्यक्ष मंडल भाजपा कुमर्दा, श्रीमती भारती महेश देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत सोमाझिटिया एवं सनद कुमार साहू समाजसेवी तुमड़ीलेवा की उपस्थिति में समापन किया जायेगा।

### ग्राम बोरतलाव में 3 फरवरी को मंडई

डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम बोरतलाव में 3 फरवरी को मंडई का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें रात्रि में राधा कृष्ण लोक सांस्कृतिक कला मंच बीरेझर भाठा दुर्ग वालो का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी गांव के प्रमुख कार्तिक नंदेश्वर, मनीष यादव, हेमंत लाउत्रे, प्रदीप उजवने, मंगलू लोहार, दिलीप नंदेश्वर, बंटी यादव दीपलू, सारंग यह जानकारी संगीता उजवने ने दी।

### दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत हितग्राहियों को कलेक्टर ने चेक भेंटकर नवदांपत्य जीवन की दी शुभकामनाएं

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 04 हितग्राहियों को चेक भेंटकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने हितग्राहियों को दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने गिरवर लाल धुर्वे पत्नी श्रीमती खिलेश्वरी साहू को 1 लाख का चेक भेंट किया। कलेक्टर ने कमलेश कुमार नेताम, पत्नी श्रीमती राधा धुर्वे, परमेश्वर सलाम, पत्नी श्रीमती ममता सलाम एवं धर्मेंद्र कुमार साहू, पत्नी श्रीमती योगिता साहू को क्रमशः 50-50 हजार रुपये का चेक भेंटकर सम्मनित किया।

## अवैध परिवहन करते 200 कट्टा धान के साथ पकड़ाया माजदा

अंतर्राज्यीय सीमा पर साल्हेवारा—रामपुर मार्ग में जांच दल ने की कार्रवाई



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर प्रशासनिक टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार सुबह 5 बजे अंतर्राज्यीय सीमा पर निरीक्षण के दौरान साल्हेवारा–रामपुर मार्ग पर धान का अवैध परिवहन करते हुए वाहन पकड़ाया है। प्रशानिक जांच दल ने माजदा सीजी 08 एयू 0531 से 200 कट्टा धान की जप्ती बनाई है।। जिसकी अनुमानित वजन 80 क्विंटल है। जांच के दौरान वाहन चालक ने परिवहन कर रहे धान के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। इसके बाद जांच दल ने मंडी अधिनियम के तहत जप्ती की कार्रवाई कर थाना साल्हेवारा के सुपुर्द कर दिया है। कार्रवाई के दौरान छुईखदान एसडीएम रेणुका रात्रे, तहसीलदार अमरदीप अंचल एवं खाद्य निरीक्षक गरिमा सोरी उपस्थित थे।

### मुढ़ीपार में मंडई 2 को

डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ विकासखंड के सबसे बड़े ग्राम मुढ़ीपार में मंडई मेला का आयोजन 2 फरवरी दिन शुक्रवार को रखा गया है। ग्रामीणों की मनोरंजन के लिए रात्रि में मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर मयारू संगी टेरेसरा राजनांदगांव वालो का रंगारंग कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी गांव के प्रमुख देवराज सेन राजेश सिन्हा भूषण सिन्हा खेमलाल सिन्हा ने दी।

### बैठक एक फरवरी को

बालोद । जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 01 फरवरी 2024 को सुबह 11 बजे जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

## फरार आरोपी डोंगरगांव पुलिस के हत्थे चढ़ा

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के फरार चल रहे आरोपी को धरदबोचा है और उसे न्यायालय ने पेश किया है। आरोपी का नाम संतोष यादव निवासी सेवता पारा डोंगरगांव बताया जाता है।

इस संबंध में डोंगरगांव थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह ने बताया कि 30 जनवरी को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं उनके नेतृत्व मे न्यायालय में प्रकरण लंबित रहा,



जिससे प्राप्त स्थायी वारंटी आरोपी की लगातार पता तलाश किया जा रहा था। इस दौरान पता तलाश के स्थायी वारंटी आरोपी संतोष यादव पिता मुरली यादव, उम्र 18 साल, सेवतापारा डोंगरगांव को गिरफ्तार किया गया और उसे राजनांदगांव न्यायालय पेश किया गया है।

## परशुराम सेना के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए राहुल मिश्रा

डोंगरगढ़ (दावा)। परशुराम सेना के अध्यक्ष राहुल मिश्रा को ब्राह्मण समाज के युवा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुनः अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। श्री मिश्रा को 3 वर्ष पूर्व भी निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया था। उनके सफल कार्यकाल को देखते हुए पुनः अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

धर्मनगरी के वार्ड नं. 03 के अंतर्गत आने वाले केदारबाड़ी स्थित ब्राह्मण समाज के विप्र भवन में परशुराम सेना के पदाधिकारी एवं सदस्यों की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। तीन वर्ष पूर्ण होने पर नवीन चुनाव प्रक्रिया के साथ नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर कार्यरत राहुल मिश्रा के नेतृत्व में अच्छे एवं सफल संचालन को देखते हुए सभी विप्र बंधुओं व परशुराम सेना के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्विरोध पुनः राहुल मिश्रा को अध्यक्ष चुना गया।

### अध्यक्ष व पदाधिकारियों को वरिष्ठजनों ने दी शुभकामनाएं

नवनिर्वाचित अध्यक्ष की सहमति से उपाध्यक्ष के रूप में आदित्य मिश्रा, मोहनिस तिवारी, महामंत्री पद पर मयंक शर्मा, पुष्पेन्द्र तिवारी सचिव पद पर अभिषेक तिवारी सहा सचिव अक्षत गर्ग, कोषाध्यक्ष वैभव पांड सहा कोषाध्यक्ष राजेश्वर तिवारी, वहीं मिडिया प्रभारी के रूप में ऋषि मिश्रा, अनुज शर्मा, आयुष तिवारी चुने गए उसके उपरांत जनसंपर्क सचिन शौर्य मिश्रा जनसंपर्क सहा सचिव आयुष वाईकर व पुरोहित के रूप में अनिल शर्मा व शुभम शर्मा का चयन सर्वसम्मति से किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पदाधिकारीयो को वरिष्ठजनों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।



० अध्यक्ष व पदाधिकारियों को गणमान्यजनों ने दी शुभकामनाएं

## योगेंद्र कुमार देवांगन को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़, विकासखंड चौकी जिला मोहला मानपुर अ. चौकी में पदस्थ योगेंद्र कुमार देवांगन, प्रधानपाठक को नवाचारी गतिविधियां समूह भारत जो देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एकमात्र एवं सबसे बड़ा स्वप्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है के द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान उनके नवाचारी गतिविधियों के लिए प्रदान किया गया। जिसका टैगलाइन है 'कक्षा शिक्षण हो रोचक नवाचारी, गुणवत्ता पूर्ण हो शिक्षा सरकारी' इस भव्य एवं शानदार कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में 28 जनवरी को आयोजित हुआ। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से लगभग 150 शिक्षकों को मोमेंटो प्रमाण पत्र एवं पेन भेंटकर के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान के अंतर्गत विकासखंड चौकी,जिला मोहला मानपुर, अंबागढ़ चौकी से योगेंद्र कुमार देवांगन प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़, संकुल केंद्र बुटाकसा को उनके द्वारा ग्राउंड लेवल पर किये जा रहे प्रतियोगी परीक्षा शैक्षणिक, नैतिक, बौद्धिक, सामाजिक, भौतिक, शाला सुरक्षा एवं अन्य उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवार्ड चयन प्रक्रिया के लिए पांच चरणों से शिक्षकों को गुजरना पड़ा। इस गरिमामयी कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राज्य परियोजना कार्यालय से सहायक संचालक डॉ.एम. सुधीर, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला रायपुर, डी.एम.सी. डी. एस. पटले, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर से डॉ. एस. के.जैन, एवं एल.के. वर्मा एवं डॉ. नवनीता सिंह उपस्थित थे। योगेंद्र कुमार देवांगन प्रधान पाठक प्राथमिक शाला सिरलगढ़ के चयनित होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस.के.धीवर, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक संतोष पांडे, संकुल प्राचार्य जितेंद्र साव, संकुल समन्वयक लेख राम ठाकुर, शिक्षक नीलकंठ कोमरे, संतोषी भुआर्य, चन्द्रकुमार सिन्हा एसएमसी अध्यक्ष, सहित शाला प्रबंधन समिति सिरलगढ़ के अन्य सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की हैं।

## सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में शालेय वार्षिक उत्सव संपन्न

पटेवा (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा में शालेय वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह का आयोजन विगत दिनों किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ डी.आर. साहू एवं एम.एस. राजपूत सेवानिवृत्त शिक्षक, जे.आर. साहू, एल.एल. साहू, टी आर हिरवानी, मुरली प्रसाद साहू, मानिक गुप्ता, चन्द्र कुमार देवांगन की उपस्थिति में विद्या दायिनी मां सरस्वती की तैल चित्र की विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य डोमार साहू एवं अध्यक्षता तिलक राम सिन्हा सचिव जिला ग्राम भारती ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच मिथिलेश साहू, दुर्गेश द्विवेदी महामंत्री कांग्रेस, राजेश खांडेकर, पूनम चंद साहू जिला समन्वयक, प्रमोद दुबे, जागेश्वर साहू, प्रहलाद दुबे मुख्य रूप से उपस्थिति थे। इस दौरान शिशु मंदिर के भैया-बहनों द्वारा देशभक्ति एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति से भरी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति वाद्ययंत्रों के साथ दी गई। जिसकी बड़ी संख्या में उपस्थिति जनमानस ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए भरपूर आनंद उठाया तथा अतिथियों द्वारा कक्षा दशम में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को मोमेंटो, श्रीफल एवं राशि एवं प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया। इसके अलावा विद्यालय के विभिन्न गतिविधियों में हाई लेने वाले भैया-बहनों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्री साहू ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए बच्चों को अनुशासन एवं पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। तिलक सिन्हा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर एक ऐसी संस्था है जिसका परीक्षा परिणाम हमेशा बेहतर रहता है। जहां ज्ञान चरित्र एवं संस्कार की शिक्षा दी जाती है। इनकी शाखा देश ही नहीं विदेशों में भी वटवृक्ष की तरह फैल रहा है। विधायक की अनुपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि के रुप में दुर्गेश द्विवेदी ने कहा कि पटेवा सरस्वती शिशु मंदिर का नाम सुनते ही हमें गर्व महसूस होता है। यहां के बच्चों में संस्कार की शिक्षा भरी हुई है।



संस्था के बेहतर परिणाम के लिए प्राचार्य एवं आचार्यों का धन्यवाद दिया। क्षेत्र के विधायक हर्षिता बघेल के माध्यम से विधायक प्रतिनिधि द्वारा मंचस्थ निर्माण हेतु 2.50 लाख रुपये देने की घोषणा की। प्रमोद दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि जबसे सरस्वती शिशु मंदिर खुला है तब से शिक्षा का स्तर ऊपर उठा है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा में पढ़ाने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य, आचार्य एवं समिति के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिको का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## बांधाबाजार में रमेश खंडेलवाल ने किया ध्वजारोहण

बांधाबाजार (दावा)। ग्राम बांधाबाजार के हृदय स्थल में गणतंत्र दिवस पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व उपसरपंच एवं राजगामी संपदा के पूर्व सदस्य रमेश खंडेलवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात शाला से छात्र-छात्राओं की रैली नगर भ्रमण कर पंचायत भवन पहुंची। पंचायत भवन में विद्यार्थियों और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में सरपंच प्रीति चौहान ने तिरंगा फहराया। उक्त कार्यक्रम के बाद बच्चों की रैली स्कूल पहुंची। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री खंडेलवाल ने एक संक्षिप्त



संबोधन में गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते पुरस्कार वितरित किया। वहां आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीतों की शानदार बच्चों ने प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच रामचंद नेताम ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर बांधाबाजार पंचायत की सरपंच प्रीति चौहान और गौरव शर्मा शामिल थे। इस दौरान पंच हरदेव सेवता, ग्राम नागरिक हरिचरणदास वैष्णव, पंच संदीप मेश्राम, शांतिबाई, बल्लूराम देवांगन, मुरारीलाल, राजेंद्र शर्मा, रंजन साहू और ग्राम के गणमान्य नागरिक, शाला प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन



घुमका (दावा)। समीपस्थ ग्राम बरबसपुर में चंदूलाल वर्मा एवं समस्त वर्मा परिवार के संयोजन में श्री मद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 3 फरवरी से 11 फरवरी तक किया जा रहा है। व्यासपीठ से पं. गनपत दुबे महाराज भागवत कथाओं का अमृतमय रसपान कराएंगे। प्रथमदिन भव्य कलशयात्रा के साथ गोकर्ण कथा से यज्ञ प्रारंभ होगा। प्रथम दिन परीक्षित कथा, भागवत की रचना से लेकर हिरण्याक्ष वध तक कथा होगी। इसी प्रकार कपिल उपाख्यान, सती प्रसंग, ध्रुव कथा एवं पुरंजन की आध्यात्मिक कथा होगी। अजामिल प्रहलाद, गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, बलि का समर्पण, रामकथा, कृष्णजन्म इत्यादि कथाओं की आध्यात्मिक एवं सामयिक व्याख्या की जाएगी। कृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर उनके विवाह की कथा होगी। सुदामा चरित्र, कृष्णागीता, परीक्षित मोक्ष, गीतापाठ के साथ पूर्णाहुति का कार्यकम सम्पन्न होगा। वर्मा परिवार ने रसिक भक्तजनों से विनम्रतापूर्वक उपस्थित होने की प्रार्थना की है। यज्ञ की तैयारियाँ जोरशोर से ग्रामीणों की सहायता से की जा रही है। उक्त जानकारी सरपंच प्रतिनिधि चन्द्रेश वर्मा ने दी।

# नक्सल पीड़ित पुनर्वास योजना का सम्पूर्ण लाभ दिलाने मुख्यमंत्री को दिया गया ज्ञापन

डोंगरगढ़ (दावा)। नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है, ज्ञापन में कहा गया है कि, हम लोग राजनांदगांव और मोहला-मानपुर जिला के निवासी हैं, हमारे परिवार में किसी के भाई, किसी के पिता व किसी के पति का नक्सलियों द्वारा हत्या कर दिया गया है व हम परिवार वालो को गृहग्राम छोड़ देने का धमकी दिया गया है।

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि, नक्सली द्वारा धमकी मिलने के बाद से हम परिवार सहित गृहग्राम छोड़कर अन्य जगह रहकर जीवन यापन कर रहे है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नक्सलवाद से पीड़ित परिवारों के लिए नक्सल पीड़ित पुनर्वास योजना बनाई गई है, योजनान्तर्गत नक्सल पीड़ित परिवारों को शासकीय नौकरी, आर्थिक सहयता राशि, मकान, बस पास, राशनकार्ड, छात्रवृति, स्वरोजगार हेतु दुकान ऋण व विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजना में लाभ देने का प्रावधान रखा गया है। पीड़ित परिवार धीरेंद्र साहू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास पहुंचे थे।



पीड़ित परिवार पहुंचे मुख्यमंत्री दरबार

### नक्सल पीड़ित परिवारों की प्रमुख मांगे

पीड़ित परिवार की प्रमुख मांगों में बेसहारा हो गए परिवार को मकान की आवश्यकता है। पीड़ित परिवारों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जिला कलेक्टर कार्यालय में दिनांक 25 जनवरी 2021 को जिला स्तरीय पुनर्वास समिति का मीटिंग रखा गया था। मीटिंग में नक्सल पीड़ित परिवारों को 900 वर्गफुट जमीन प्रति परिवार को आबंटन करने का निर्णय लिया गया है, लेकिन आज तक जमीन आवंटन नही किया गया है। मकान हेतु जमीन व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि दिलाने की कृपा करें।

आर्थिक सहायता राशि- दूसरी प्रमुख मांगों में आर्थिक सहायता की मांग शासन से की गई है। जिस परिवार को केंद्र शासन की आर्थिक सहायता राशि दिया गया है। उस परिवार को राज्य शासन की आर्थिक सहायता राशि नही दिया गया है और जिस परिवार को राज्य शासन की आर्थिक सहायता राशि दिया गया है उस परिवार को केंद्र शासन की आर्थिक सहायता राशि नहीं दिया गया है। झीरम घाटी नक्सली घटना में मारे गये उनके परिवारों को केंद्र व राज्य शासन की आर्थिक सहायता राशि दिया गया है उसी तरह हम परिवारो को केंद्र व राज्य शासन की आर्थिक सहायता राशि दिलाने की कृपा करें।

शासकीय नौकरी- तीसरी प्रमुख मांगों में परिवार के सदस्यों को जीवकोपार्जन के लिए शासकीय नौकरी की मांग की गई है। पीड़ित परिवार द्वारा ज्ञापन में बताया गया है कि, कुछ पीड़ित परिवारों को कलेक्टर दर पर नौकरी दिया गया है व कुछ पीड़ित परिवारों को शासकीय नौकरी दिया गया है। सभी पीड़ित परिवारों को शासकीय नौकरी व कलेक्टर दर नौकरी से शासकीय नौकरी की मध्य की राशि दिलाने की कृपा करें। झीरम घाटी नक्सली घटना में मारे गये उनके परिवारों को शासकीय नौकरी दिया गया है उसी तरह हम परिवारों को शासकीय नौकरी दिलाने की कृपा करे।

शिक्षा व छात्रवृति : चौथी प्रमुख मांगों में शिक्षा व छात्रवृत्ति की मांग शासन से की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि, पीड़ित परिवार के दो बच्चों को निःशुल्क शिक्षा व् छात्रवृति देने का प्रावधान है हम परिवार के बच्चो को केंदीय विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाए व राष्ट्रीय सांप्रदायिक सदभाव प्रतिष्ठान संस्था भारत सरकार द्वारा सभी बच्चों को छात्रवृति दिलाने की कृपा करें।

शहीद प्रमाण पत्र- पांचवी प्रमुख मांगों में शहीद हुए परिवार के सदस्यों को शहीद का प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग की गई है ज्ञापन में बताया गया है कि, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिनांक 18 मई 2023 को राज्य में नक्सली हिंसा में शहीद हुए सभी भाई बहनों की स्मृति में 25 मई को प्रतिवर्ष झीरम श्रद्धांजलि दिवस मानाने का निर्णय लिया गया है शहीद के परिवारों को शहीद प्रमाण पत्र दिलाने की कृपा करें।

# श्री राम कथा सुन भावुक हुए भक्तगण श्रोता



**डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस व छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी के पैतृक ग्राम पुरैना में स्व. रोपेन्द्र लोधी की स्मृति में आयोजित श्री रामकथा एवं शिवरूद्र अभिषेक के पांचवें दिन कथा मर्मज्ञ कनिष्ठ जगत गुरु देव स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज ने श्री राम कथा में सीता स्वयंवर की कथा सुनाई भक्तजन श्रोता भगवान श्री राम की भक्ति में झूम उठे।**

उन्होंने भक्तजन श्रोताओं को राम के आदर्श अपनाने को प्रेरित किया। कहा विश्व स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार, अत्याचार आदि दानव रूप विचारों को समाप्त करने की आवश्यकता है। जिसके लिए उन्होंने भगवान के प्रति आस्था रखने व उच्च आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। वहीं श्री राम कथा सुन भक्तिभाव में लीन श्रोतागण भावुक हो गए।श्री राम कथा के आयोजक लोधी ट्रेवल्स के सुप्रीमो सीपर राम लोधी, मुख्य यजमान ईश्वर लोधी, अधिवक्ता कमल लोधी, नारद लोधी, विष्णु लोधी,अधिवक्ता दिव्यपाल लोधी, इन्जीनियर मेघराज लोधी, इन्जीनियर नयन लोधी, भार्गव लोधी, चाणक्य, कोमल, सोनू, थानू, अशोक, राम कुमार आदि समस्त लोधी परिवार सेवा में लगे रहे।

# युवा वर्ग रचनात्मक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभायें-कोरेटी

कल्लूबंजारी (दावा)। आज के युवा कल के समाज प्रमुख बनेंगे इसलिए युवा वर्ग को समाज के रचनात्मक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाना चाहिए उक्त विचार आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज के युवक-युवतियों की बैठक में समाज प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर ने व्यक्त किया। गत दिनों ग्राम बूचाटोला के गोंड़पारा में स्थित रानी दुर्गावती गोंड़वाना भवन प्रांगण में कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर के प्रमुख उपस्थिति एवं युवा प्रभाग के अध्यक्ष तोमन आचले के अध्यक्षता में छुरिया-डोंगरगढ़ ब्लाक के कोयतुर गोंड़ समाज के युवक-युवतियों की ब्लाक स्तरीय आवश्यक सामाजिक बैठक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ रानी दुर्गावती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सेवा अर्जी के साथ हुआ पश्चात समाज प्रमुखों का स्वागत किया गया। युवक-युवतियों को संबोधित करते हुए समाज प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर ने कहा कि कोयतुर गोंड़ समाज एवं कोयतुर गोंड़ समाज की संस्कृति अत्यंत ही संक्रमण काल की दौर से गुजर रही है ऐसे स्थिति में समाज के युवक-युवतियों की जिम्मेदारी अधिक बढ़ गयी है। आज के युवा कल के समाज प्रमुख बनेंगे इसलिए युवा वर्ग को समाज के रचनात्मक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाना होगा।

आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज की अपनी स्वयं की अलग व विशिष्ट अति प्राचीन एवं गौरवशाली मूल पूजा पद्धति, कला- संस्कृति,



बूचाटोला में कोयतुर गोंड़ समाज के युवक-युवतियों की बैठक सम्पन्न

बोली-भाषा, परम्परा, पोशाक, रीति-रिवाज एवं रिश्ता-नाता है जो कि धीरे-धीरे खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। अगर समय रहते संरक्षण के दिशा में ठोस कार्ययोजना बनाकर काम नहीं किया गया तो भविष्य में हमारी संस्कृति पूरी तरह से विलुप्त हो जायेगी जिससे हमारी विशिष्ट पहचान हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो जायेगा। अपनी संस्कृति को बचाने के दिशा में काम करने के लिए ही आगामी 17 एवं 18 फरवरी शनिवार एवं रविवार को ग्राम जोब (मरकाकसा)में दो दिवसीय कोयतुर गोंड़वाना युवा महोत्सव सह सामाजिक, शैक्षणिक एवं संवैधानिक कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया है। जिसके सफल आयोजन में समस्त युवक-युवतियों को खास एवं प्रमुख भूमिका निभाना होगा। अध्यक्ष की आसंदी से तोमन आचले ने कहा कि हमारे हम युवाओं के लिए हमारे समाज प्रमुख गण बहुत ही आदरणीय, अनुभवी एवं विद्वानजन हैं तथा हम युवाओं को समाज प्रमुखगण जो भी मार्गदर्शन देते है उन्हें हमें शिरोधार्य कर अक्षरशः पालन करना होगा। हमारे अनुभवी समाज प्रमुखगण हमारे लिए एक धरोहर है जिसे संजोकर रखना हम युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी है। हमें अपने समाज प्रमुखों का हमेशा आदर एवं सम्मान करना चाहिए तथा उनके पदचिन्हों पर चलने का हरसंभव प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित समस्त युवक-युवतियों को आगामी युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी।

# साहू समाज अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ का पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न



डोंगरगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव जिले के साहू सदन में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा नववर्ष मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहलसिंह साहू के द्वारा साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी मां कर्मा की पूजा अर्चना व ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू ने की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के द्वारा निःशुल्क कोचिंग क्लास, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान शिविर, शिक्षा एवं विभिन्न खेल गतिविधियों में कराटे, फिजिकल प्रशिक्षण, वृक्षारोपण, नवोदय/सैनिक स्कूल मॉक टेस्ट, महिला सुपरवाइजर, महिला एवं बाल विकास पर्यवेक्षक परीक्षा में सेवती साहू, जमुना साहू, भारती साहू एवम् संतोषी राजपूत का चयन निःसंदेह प्रकोष्ठ की बहुत बड़ी उपलब्धि है, संयोजक यशवंत साहू एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी है।

जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि प्रकोष्ठ द्वारा डी.एस.पी. हेमा साहू, टी.आई एमन साहू, सहायक संचालक हथकरघा विभाग अमित साहू, नर्सिंग अधिकारी अनामिका साहू सहित अनेक हस्तियों को सम्मानित किया गया है जो एक सराहनीय कार्य है। समारोह में पूरे जिले से बड़ी संख्या में समाज जुड़े अधिकारी-कर्मचारीगण भी उपस्थित हुए और सभी का सराहनीय सहयोग मिला।

# जिला स्तरीय बालक्रीड़ा में डोंगरगढ़ का उम्दा प्रदर्शन



डोंगरगढ़ (दावा)। जिला स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता ग्राम-बडगांव चारभांठा (डोंगरगांव) में दिनांक 23 एवं 24 जनवरी को सम्पन्न हुआ। जिसमें राजनांदगांव, छुरिया, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ की 4 टीमें शामिल हुआ।

श्रीमती वीरेंद्र कोर गरचा विकासखंड शिक्षधिकारी एवं एबीओ शिवकुमार वर्मा, क्रीड़ा प्रभारी राजकुमार नंदेश्वर एवं देवेंद्र अम्बादे के कुशल मार्गदर्शन में मनोज कुमार वर्मा जनरल मैनेजर के नेतृत्व में डोंगरगढ़ के टीम ने बढ़-चढ़कर खेल का जौहर दिखाया।

डोंगरगढ़ विकासखंड के बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। सामुहिक खेल में भी कबड्डी माध्यमिक बालक/बालिका प्रथम और प्राथमिक बालक कबड्डी प्रथम एवं व्यक्तिगत खेलों में भी 5 बच्चों ने प्रथम 4 बच्चों ने द्वितीय स्थान हासिल किए। हमारे डोंगरगढ़ के शिक्षकों जिनकी ड्यूटी जिला खेल में लगी थी सबका सहयोग अतुलनीय था।

सबने बच्चों के उत्साहवर्धन में कोई कसर नही छोड़ी। सबके प्रयास से हमने अच्छा प्रदर्शन किया। क्रीड़ा प्रभारी सहित शिक्षकों ने सभी बच्चों को बधाई दिए।

# महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज



**डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में क्रीड़ा विभाग द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 29 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है।**

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती एवं अध्यक्षता वरिष्ठ सहा प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया।

प्रतियोगिता दो सत्रों में आयोजित की गई जिसमें प्रथम सत्र में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक छात्रों हेतु कैरम सिंगल एवं डबल व छात्राओं हेतु सुरीली कुर्सी, रूमाल पेंटिंग, रंगोली फ्री हैण्ड तथा कैरम प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी प्रकार द्वितीय सत्र दोप. 2 बजे से 4 बजे तक छात्र-छात्राओं हेतु शतरंज एवं छात्राओं हेतु मेहंदी रचाओ, गिफ्ट पेकिंग, लिफाफा सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त सभी प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने दी।

## शेष प्रथम पृष्ठ का

***सुकमा-बीजापुर जिले की सीमा ...***

टेकुलगुड़ेम नक्सलियों के सबसे खतरनाक बटालियन नंबर एक का प्रभाव वाला क्षेत्र है, जिसका कमांडर कुख्यात नक्सली हिड़मा है। टेकुलगुड़ेम से चार किमी दूरी पर स्थित पूवर्ती हिड़मा का गृहग्राम है। सुरक्षा बल पिछले एक माह से इस क्षेत्र में सघन अभियान चला रही है। दो दिन पहले डीजीपी अशोक जुनेजा भी बस्तर पहुंचे थे, जिसके बाद नक्सलरोधी अभियान को तेज करने की नीति के तहत अभियान को तेज किया गया है।

जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने देंगे- आईजी- बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने कहा कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने देंगे। वर्ष 2021 में टेकुलगुड़ेम में जब सुरक्षा बल पहुंचा था तो मुठभेड़ में भारी क्षति हुई थी। इसके बाद भी जनहित में नक्सल समस्या को समाप्त करने टेकुलगुड़ेम में पुनः मजबूती से कैंप स्थापित करने का काम सुरक्षा बल ने किया है। टेकुलगुड़ेम में स्थापित कैंप से क्षेत्र की शांति, सुरक्षा एवं विकास के लिए समर्पित होकर अभियान चलाया जाएगा।

***छत्तीसगढ़ में अब चार फरवरी...***

धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग भी समानांतर रूप से जारी है। मिलर्स द्वारा खरीदी केंद्रों से धान का उठाव लगातार किया जा रहा है। अब तक 101 लाख 85 हजार 181 टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 91 लाख 13 हजार टन धान का उठाव किया जा चुका है।

धान खरीदी एक महीना आगे बढ़ाने की मांग- प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने धान खरीदी की तारीख एक महीना और आगे बढ़ाए जाने की मांग की है। कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि अभी तक प्रदेश के पांच लाख से अधिक किसान ने अपना धान नहीं बेचा है। ऐसे में धान खरीदी की समय सीमा बढ़ानी चाहिए। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के मुताबिक यह लक्ष्य बढ़कर 150 लाख टन हो जाएगा। इस लक्ष्य को प्राप्त करने कम से कम एक महीने धान खरीदी और बढ़ानी चाहिए। मौसम की खराबी का बहाना बनाकर अनेकों संग्रहण केंद्रों में तौलाई रोक दी गई है। टोकन जारी करने में लेटलतीफी है। तौलाई की धीमी रफ्तार व बारदानों की कमी के चलते किसान अपना धान नहीं बेच पाए हैं।

***10 फरवरी को होगी नीतीश कुमार***

अगर वे स्वतः अध्यक्ष पद का त्याग नहीं करते हैं तो इसके लिए भी मतदान होगा। सत्र के पहले ही दिन आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश किया जाएगा। 10 फरवरी से प्रारंभ सत्र का समापन एक मार्च को होगा। 12 फरवरी को ही बजट पेश होगा और उसी दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर पेश धन्यवाद के प्रस्ताव पर सरकार का उत्तर भी होगा।

***सीएम साय ने किया बीजेपी के...***

हो या कुछ और कार्यक्रम तो पता नहीं चलता था कि वो किस कोने में बैठे हैं, लेकिन आज हमारे प्रधानमंत्री मोदी विश्व में जाते हैं तो रूस और अमेरिका जैसे देश के राष्ट्रपति देखते रहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी किधर हैं। कई देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति उनके पैर छू रहे हैं। यह 40 करोड़ भारतीयों के लिए गौरव की बात है। आज विश्व में मोदी का सम्मान हो रहा है, तो यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत के लिए स्वर्णिम युग है। बीजेपी का ध्येय वाक्य %सब का साथ, सबका विकास% को साथ में लेकर चलना है।

***समीक्षा आदेश अलमारी में रखने....***

आदेशों के संबंध में विचार-विमर्श की जानकारी प्रकाशित करने के लिए है। इस पर शीर्ष कोर्ट ने एएसजी से कहा कि विचार-विमर्श के बारे में भूल जाइये। आप आदेश प्रकाशित करें। क्या आप यह बयान दे रहे हैं कि समीक्षा आदेश प्रकाशित किए जाएंगे? इस पर एएसजी ने कहा कि उन्हें इस मामले में निर्देश प्राप्त करने की आवश्यकता है। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि समिति के विचार-विमर्श को प्रकाशित करना आवश्यक नहीं है, लेकिन पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करना जरूरी है।

***समीक्षा आदेश अलमारी...***

अदालत ने कहा था कि चंडीगढ़ पुलिस पार्षदों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी. पुलिस को यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया था कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद नगर निकाय परिसर में या उसके आसपास कोई हंगामा या अप्रिय घटना न हो.

# विकासखंड स्तरीय अंगना म शिक्षा एक दिवसीय कार्यशाला

खैरागढ़ (दावा)। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संबंधित समग्र शिक्षा राजनांदगांव एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वय के निर्देशानुसार 12 जनवरी को विकासखंड कार्यालय खैरागढ़ में विकासखंड स्तरीय अंगना म शिक्षा 0.4 का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।



इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा अर्चना के साथ हुआ। आज का प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखंड स्तर शिक्षा अधिकारी खैरागढ़ विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुजीत चौहान एवं डाइट खैरागढ़ के अकादमिक सदस्य डॉ. मोनिका सिंह, अंगना में शिक्षा के जिले के प्रभारी जयदेव यादव सर एवं एफ एलएन के जिला स्तरीय प्रभारी ज्योति प्रसाद प्रथम की टीम से रेखालाल कौशिक डीआरजी के रूप में भुनेश्वरी लहरे एवं राखी जोगी की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ।

भुनेश्वरी लहरे अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के उद्देश्यों को बतलाया गया तथा जनवरी माह के गतिविधि को आगे बढ़ते हुए भाषा की गतिविधि को आ ओ वर्णो से शब्द बनाए तथा आ ओ बंडल बनाएं जैसी गतिविधि को संपन्न कराया गया तथा मास्टर ट्रेनर राखी योगी के द्वारा फरवरी माह से संबंधित गतिविधि कराई गई। इस गतिविधि में प्रशिक्षण प्रशिक्षण में उपस्थित सभी के शिक्षकों को कुर्सी दौड़ के साथ बाते करना। जिसमें विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात शिक्षकों को गोटा खेल कर गिनती सीखने के लिए प्रेरित किया गया।

शिक्षा के सभी पहलू पर प्रकाश डालते हुए बहुत ही बेहतरीन ढंग से प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में 4.0 के अंतर्गत माह जनवरी फरवरी एवं मार्च के भाषाएं एवं गणित गतिविधि माह अप्रैल के 25 तारीख को पढ़ाई तिहार के रूप में अंगना में शिक्षा के अंतर्गत बाल मेला, सपोर्ट कार्ड, वर्णमाला, अक्षर कार्ड गिनती, सरल शब्द, पढ़ना तथा नौ काउंटर बनाकर माता को उनके बच्चों के लिए अपने घरेलू कार्य में व्यस्त रहते हुए बच्चों के मानसिक तार्किक एवं उनके स्तर की जांच कर 25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार के रूप में मनाने के लिए कक्षा पहली व दूसरी ह्यएवं बालवाड़ी बच्चों के साथ इसका मूल्यांकन कर वहां शाला में कार्यरत शिक्षक के साथ मिलकर करेंगे। आज के इस प्रशिक्षण में विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला में खैरागढ़ के कुल 40 संकलन के संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं अंगना में शिक्षा कार्यक्रम को आगे बढ़ाने वाले एक एक्टिव महिला शिक्षक की विशेष सहभागिता प्रदान किए गए।

# शहीद वीर रामाधीन गोंड शहादत दिवस जिला गोंड सदन में मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। आज जिला आदिवासी गोंड महासभा एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद जिला राजनांदगांव के तत्वाधान में शहीदवीर रामाधीन गोंड शहादत दिवस का कार्यक्रम जिला गोंड सदन रामकृष्ण नगर में मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दयाल दास बघेल सर्वप्रथम मुख्य द्वितीय एवं अन्य अतिथियों द्वारा गोडवाना के ईष्टदेव, बुढ़ादेव एवं शहीदवीर रामाधीन गोंड की पूजा अर्चना किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आदिवासी समाज एक महान समाज है, जो राष्ट्रीय स्तर में बहुत महान कार्य एवं समाज सेवा के रूप कार्य किए है। उन्होंने समाज के जिला अध्यक्ष नीलकंठ गढ़े के अनुरोध पर शहीद रामाधीन गोंड का प्रतिमा निर्माण हेतु 10 लाख रूपये की घोषणा किए। जिसका समाज के हर्षध्वनि से स्वागत करते हुए रामाधीन गोंड अमर रहे, की नारा लगाए। इस अवसर पर मधुसूदन यादव पूर्व सांसद, कोमल सिंह राजपूत उपाध्यक्ष किसान मोर्चा एमडी ठाकुर प्रहलाद रजक ने भी आने विचार रखे।

आदिवासी समाज ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किए, इस अवसर पर प्रमुख रूप से सीताराम ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, दिलेश्वर कतलम, रामसिंग उइके, रामानंद उइके खिलावन, नेताम, कन्हैया टेकाम, श्रीमती, पुष्पा उइके, श्रीमती कुवांरिया बाई, रमेश मंडावी, दौलत सोरी, सुरेन्द्र मंडावी, लीलाराम मंडावी, वासुदेव पूनम सिंग तारम, बिसौहा, परमानंद नेताम, जिनेन्द्र पडौटी, श्रीमती अहिल्या बाई, रामगोपाल नेताम, बालमुकुंद कुंजाम देश कुमार, संत पडोटी, सहित समाज के असंख्या लोग थे। दलेश्वर कतलम कार्यक्रम का संचालन पी.एल. नेताम व आभार प्रदर्शन ने किया।

# तीन दिवसीय रेल्वे विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

डोंगरगढ़ (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे इंस्टीट्यूट शाखा डोंगरगढ़ के द्वारा गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय रेल्वे विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आयोजित किया गया। जिसमें रेलवे के सभी विभाग के कमचारीयों द्वारा बढ़-चढ़कर हिसा लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 10 विभाग की टीमों ने हिस्सा लिया।



इलेक्ट्रिक ( जनरल ) की टीम विजय प्राप्त कर 2024 के कप पर कब्जा किया

रेल्वे इस्टीट्यूट डोंगरगढ़ में प्रातः ध्वजारोहण किया गया उसके पश्चात रेल्वे प्राउड में तीसरे स्थान के लिए ऑपरेटिंग टीम विरुद्ध रनिंग इलेवन के मध्य खेला गया। जिसमें रनिंग इलेवन की टीम ने जीत कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। फायनल मैच इंजीनियरिंग विरुद्ध इलेक्ट्रिक (जनरल) के मध्य खेला गया। जिसमें इलेक्ट्रिक (जनरल) डोगरगढ़ की टीम विजय प्राप्त कर 2024 के कप पर कब्जा किया। रनर अप इंजीनियरिंग की टीम रही। इसका समापन समारोह में मुख्य अतिथि अमित जैन(मंडल अध्यक्ष भा.ज.पा.) साथ ही डी. एकेश राव, राकेश अग्रवाल रहे। रेल्वे विभाग की ओर अन्य पिछड़ा वर्ग के सचिव ए.के. सिंग, श्रमिक यूनियन के सचिव बी.के.तिवारी इलेक्ट्रिक (जनरल)/टीआरडी से चंद्रभान सिंह, इलेक्ट्रिक (जनरल) से पुनेत राम गनबेर एवं रेल्वे इंस्टीट्युट के सभी सदस्य इसमें उपस्थित रहे। न्यु फ्रेन्डस क्लब के सचिव एस सत्यम स्वामी भी उपस्थित रहे।

# खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने अम्बागढ़ चौकी में फहराया तिरंगा



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू चौकी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस पर विभिन्न जगहों पर ध्वजारोहण किया। राजीव गांधी चौक, गांधी चौक, अंबेडकर चौक, नवनिर्मित लाल किला का उद्घाटन, भारत माता चौक और मुख्य कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल अम्बागढ़ चौकी तिरंगा फहराया।

खुज्जी विधायक भोला राम साहू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना किया और झंडावंदन किया।

श्री साहू ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के संदेश को अपने उद्बोधन में सुनाया और पूरे क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दिए और छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर क्षेत्रवासी बड़ी संख्या मे मौजूद रहे।

# बरबसपुर में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 3 फरवरी से

घुमका (दावा)। 30 जनवरी घुमका समीपस्थ ग्राम बरबसपुर में चंदूलाल वर्मा एवं समस्त वर्मा परिवार के संयोजन में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 3 फरवरी 2024 से 11 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। व्यासपीठ से पं. गनपत दुबे जी महाराज भागवत कथाओं का अमृतमय रसपान कराएंगे। प्रथमदिन भव्य कलशयात्रा के साथ गोकर्ण कथा से यज्ञ प्रारम्भ होगा। प्रथम दिन परीक्षित कथा, भागवत की रचना से लेकर हिरण्याक्ष वध तक कथा होगी। इसी प्रकार कपिल उपाख्यान, सती प्रसंग, ध्रुव कथा एवं पुरंजन की आध्यात्मिक कथा होगी। अजामिल प्रहलाद, गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, बलि का समर्पण, रामकथा, कृष्णजन्म इत्यादि कथाओं की आध्यात्मिक एवं सामयिक व्याख्या की जाएगी।

# खुज्जी अंचल में अवैध ईट भट्ठों का संचालन

**खुज्जी (दावा)। खुज्जी अंचल में अवैध ईंट भट्ठों का संचालन-अनेक विभाग सवालों के घेरे में विद्युत, राजस्व, वन, खनिज सहित पंचायत विभाग की भूमिका संदेह में बेंद्रकट्टा, रतनभाट, बड़गांव चारभाटा, बडभूम, गुण्डरदेही, नादिया इत्यादि गांव में वृहद पैमाने में अवैध ईटों का निर्माण किया जा रहा है।**



खुज्जी अंचल के ग्रामीण इलाकों में प्रशासनिक सुस्ती के चलते बड़ी संख्या में ईंट भट्टे संचालित किए जा रहे हैं. इन ईंट भट्टों में जहां बड़ी मात्रा में पेड़ों की कटाई कर लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है, वहीं ईंट निर्माण के लिए मिट्टी की खुदाई जहाँ तहां किया जा रहा है। जहां अनेक ग्रामों में पानी की किल्लत सामने आती है, वहीं इन ईंट भट्टों में किसानी के नाम से किये गए बोर से बकायदा पानी की सप्लाई की जा रही है जबकि इन ईंट भट्टों में विघुत सप्लाई के लिए बेतरतीब ढंग से असुरक्षित वायरिंग किया गया है और यह सप्लाई भी किसानों को खेती के लिए दिया गया है. बेंद्रकट्टा के शिवनाथ नदी के तट पर कई सालो से नियम कानून को ताक में रखकर बड़े पैमाने पर ईटो का निर्माण किया जा रहा है संबंधित अमले को जानकारी होने के बावजूद भी कोई कार्यवाही न होना संदेह के दायरे में आता है।

ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत रतनभाट का है, जहाँ बड़ी संख्या में अवैध ईंट भट्टे संचालित की जा रही है. सबसे बड़ी बात यह है कि कई वर्षों से संचालित इन ईंट भट्टों की जानकारी ग्राम पंचायत के पास भी नहीं है. बता दें कि ग्राम रतनभाट में प्रतिवर्ष पानी की किल्लत होती है और पूरा गांव मात्र एक बोर से पानी लेता है किन्तु समीप के खेतों में अनेक बोर किसानी कार्य के लिए किये गए हैं किन्तु इनका पानी इन भट्टों में काम आता है.

विद्युत विभाग द्वारा किसानों के उपयोग के लिए कनेक्शन तो दे दिया गया है किन्तु इस बिजली को किसान बेचकर अपनी जेब भर रहे हैं. मौके पर भट्टा संचालकों से चर्चा के दौरान पता चला कि वे ईंट भट्टा संचालन के लिए प्रत्येक ईंट भट्टे के लिए कुछ ग्रामीणों को सालाना एक बड़ी राशि पहुंचाते हैं जबकि पंचायत प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसारग्राम पंचायत के खाते में अब तक कोई राशि जमा नहीं की गई है और न ही ग्राम पंचायत को सभी संचालित भट्टों की जानकारी ही है. ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र में कार्य कर रहे राजस्व के कर्मचारी, वन विभाग, खनिज विभाग, ग्राम पंचायत सचिव, विद्युत विभाग के कर्मचारी सहित सभी विभाग के अधिकारियों पर भी अनेक सवाल उठते हैं. समय रहते इन ईंट भट्टों से ग्राम पंचायत को राजस्व क्यों नहीं मिल पा रहा है. बिजली का उपयोग फसल के बजाए ईंट का व्यापार करने के लिए बेचा जा है. ईंटों को पकाने के लिए ठेकेदारों के माध्यम से बेधड़ जंगल की लकड़ी काटा जा रहा है, जिसमें वन विभाग की ओर से कभी कोई कार्यवाही देखने नहीं मिली है. आखिर इन अवैध ईंट भट्टों के संचालन में सभी विभागों की मौन स्वीकृति क्या इशारा करती है. एक मामला केवल एक ग्राम का नहीं है, ऐसा माजरा नदी, नालों के किनारे अनेक जगह देखा जा सकता है.

# मंच के माध्यम से ही प्रतिभा निखर कर सामने आती है - कुलबीर

राजनांदगांव (दावा)। आर्यन ग्रुप एवं ठाकुरटोला ग्रामवासियों के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस के मौके पर भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर के नामी डांस कलाकारों ने शामिल होकर अपने नृत्य कला का प्रदर्शन कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।



0 ठाकुरटोला में आयोजित रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता में शामिल हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष

0 सामूहिक डांस में माता की महिमा प्रथम व युगल में धरोहर डांस ग्रुप विजेता

जानकारी देते हुए आयोजन समिति के उपाध्यक्ष अरूण साहू ने बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर ग्रामवासियों के सहयोग से प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, विशेष अतिथि शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, सरपंच श्रीमती सपना देवसरे, पार्षद मनीष साहू, नीरज कन्नौजे, मुकेश निर्मलकर, दीनदयाल साहू व अकबर खान शामिल होकर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि गांव में प्रतिभावान बच्चों की कमी नहीं है, बस जरूरत है उसे उचित शिक्षा व प्रशिक्षण देने की, ताकि वे आगे बढ़ सके। गांव के प्रतिभाशाली कलाकारों को आगे बढ़ने व उत्साहवर्धन के लिए सबसे पहले अपने गांव का मंच होता है और ऐसे ही मंच संवारने व बच्चों को आगे लाने में आयोजन समिति की मुख्य भूमिका रहती है, इसके लिए मैं समिति के सभी पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। इसी तरह का आयोजन होता रहे और प्रतिभा निखर का सामने आती रहे हैं, ऐसी कामना करता हूं। बच्चों की शानदार प्रस्तुति के लिए अतिथियों द्वारा उत्साहवर्धन कर सम्मानित भी किया गया।

स्पर्धा के सामूहिक डांस में प्रथम माता के महिमा डांस परिवार डोम्हाटोला, द्वितीय जीतू निषाद सामूहिक ग्रुप पड़कीभाट, तृतीय आदिवासी सामूहिक डांस ग्रुप तोरनकट्टा, चतुर्थ आरबी डांस ग्रुप राजनांदगांव, पंचम संगवारी के मया सामूहिक डांस उसरीबोड़, छठवां राजस्थानी बाल विवाह ग्रुप परसबोड़, सप्तम यादव छोरी डांस ग्रुप चिखली रही। वहीं युगल में प्रथम धरोहर डांस ग्रुप मार्री, द्वितीय आयुष एवं आयुषी डांस ग्रुप मोहड़, तृतीय तुषार एवं यामिनी डांस ग्रुप भिलाई, चतुर्थ जय कान्त डांस ग्रुप चंगोरी, पंचम टिकेश्वर एवं टिकेश्वरी डांस ग्रुप सांकरा रही। इस दौरान प्रमुख रूप से चंद्रशेखर साहू, तिलक साहू, श्री मिश्रा, तरूण साहू, उमेश साहू सहित ग्रामवासी बडी संख्या में मौजूद रहे।

# नीरज विद्या मंदिर में शहीद दिवस

डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई, अंग्रेजीमाध्यम), मोहड़ में सी.बी.एस.ई.के दिशा निर्देशानुसार 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर उन्हें कृतज्ञ मन से याद करते हुए मौन श्रद्धांजलि दी गई। गांधी जी के तैलचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए विद्यार्थियों ने देशभक्तिपूर्ण गीत गाये।

एक्गजिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पाबाजपेयी एवं प्राचार्या सुश्री अंजु मजहान ने गांधी जी के विचारों को आज के संदर्भ में अत्यावश्यक बताते हुए उनके कार्यो का पुण्य स्मरण किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा बापू के प्रिय भजन 'वैष्णवजन कोतेने कहिए रे' की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई।

नियमित प्रार्थना सभा में भाग ले रहे बच्चों ने गांधी जी से जुड़े अलग-अलग प्रसंगों को रेखांकित किया।

# शांतिनगर में 9 वीं से 12 वीं के छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा हेतु मिला विशेष मार्गदर्शन



**राजनांदगांव (दावा)। शांतिनगर में 9 वीं से 12 वीं के छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा हेतु मिला विशेष मार्गदर्शन।**

आज की चुनौतियों से भरे शैक्षणिक परिदृश्य में परीक्षाएं किसी पर्वत की ऊंची चोटी से कम नहीं लगती और ऐसे समय में डर तथा तनाव से घिरना स्वाभाविक हो जाता है। इन परिस्थितियों को संभालने के लिए परीक्षा के डर को उत्साह में बदलने की एक सकारात्मक पहल के साथ करुणा बुध्द विहार शांतिनगर में 9 वीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं के आगामी मार्च माह में होने वाले वार्षिक परीक्षा को ध्यान में रखते हुए 28 जनवरी दिन रविवार को शैक्षणिक मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य मार्गदर्शक के रूप में पायल सेन एवं जितेंद्र नागदेवे शिक्षक के रूप में शिक्षा एवं परीक्षा के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किये। कार्यशाला में उत्साहवर्धन व मनोबल बढ़ाने हेतु विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य में दसवीं बोर्ड में टॉप टेन में अपनी जगह बनाने वाले अमन सुष्माकर शांतिनगर, मुस्कान गजभिये स्टेशनपारा, नीलम साहू जी ग्राम गठुला उपस्थित थे। जिन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को अपना अनुभव साझा करते हुये मार्गदर्शन किया। यह आयोजन बौध्द सेवा समिति एवं रमाआई महिला मंडल, करुणा बुद्ध विहार शांतिनगर के तत्वाधान में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष संदीप कोल्हाटकर, संजय हुमने, कुणाल बोरकर, कविता साहू, अविनाश खोब्रागढ़े, मैडी खापर्डे, ललित कामड़े, पायल खोब्रागढ़े, रानू कामड़े, बाल धम्मसभा के विद्यार्थियों सहित शहर के अन्य वार्डों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जनसामान्य शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ लें- कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत तोतलभर्री में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ग्रामवासियों से रूबरू हुए और उनकी समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने यहां लगाए गए विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया। दिव्यांग रामेश्वर मानिकपुरी ने अपनी समस्या बताई।

कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत पात्रता अनुसार पेंशन दिलाने के लिए निर्देशित किया। राजस्व विभाग के स्टॉल में उन्होंने राजस्व अधिकारियों एवं ग्रामवासियों से कहा कि खाता विभाजन जरूर कराएं। इससे धान बिक्री करने में तथा ऋण लेने में आसानी होती है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर में आस-पास के दूरस्थ अंचलों के ग्रामवासी आए हुए हैं। यहां 57 लाख 9 हजार रूपए की लागत के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिनमें से 6 लाख रूपए के नाली निर्माण तथा 51 लाख 9 हजार रूपए की लागत के मजदूरी मूलक कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में स्वास्थ्य जांच की जा रही है तथा पुलिस विभाग के स्टॉल में खेल सामग्री एवं महिलाओं को साड़ी का वितरण किया गया है। वहीं नन्हें बच्चों को सुपोषण किट प्रदान किया गया। हर विभाग के स्टॉल में चाहे वे कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, खाद्य विभाग सहित सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया है और यह दिन सार्थक होना चाहिए। उन्होंने जनसामान्य से कहा कि शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ लें। कई बार जनसामान्य जानकारी के अभाव में भी शासन की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। एक कदम आप उठाएं तो दूसरा कदम शासन शासन का होगा। व्यापार तथा लघु उद्यम प्रारंभ करने के लिए उद्योग विभाग की ओर से ऋृण प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी जा रही है। वही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के संबंध में बताया जा रहा है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि गांव में एक अच्छा बांध भी है। यहां वन विभाग की ओर से एक अच्छे तालाब का निर्माण किया जा सकता है एवं जीर्णोद्धार कर पानी उपलब्धता को पूरा किया जा सकता है। यदि हमारे किसान समृद्ध होंगे तो सभी समृद्ध होंगे और यहां किसान 2 से 3 फसल ले सकेंगे।




o जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम पंचायत तोतलभर्री में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामवासी

o राशन कार्ड का नवीनीकरण किया गया

o हितग्राहियों को पावर स्प्रेयर एवं आईस बाक्स का किया गया वितरण

उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों का ग्रामवासियों को फायदा मिलना चाहिए। ऐसे कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में डबरी स्वीकृत किए गए है, जिसका फायदा ग्रामवासियों को मिलेगा। कलेक्टर ने बातचीत के दौरान महिलाओं से ग्राम में शराब पीने वाले लोगों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शराब के बहुत से दुष्प्रभाव है, शराब की इस गलत आदत से दूर रहते हुए अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए बचत करें। उन्होंने कहा कि अवैध शराब बिक्री की जानकरी मिलने पर इसकी जानकारी पुलिस को दे सकते है। जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखते हुए अपराधियों को पुलिस ले जाएगी। कलेक्टर ने 20 हजार रूपए की लागत का पावर स्प्रेयर श्रीमती जैना बाई को प्रदान किया। उन्होंने नोनी सशक्तिकरण योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों को चेक का वितरण किया। गर्भवती माताओं की गोद भराई के लिए सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा नन्हे बच्चों का अन्न-प्राशन्न किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। मत्स्य पालन विभाग की ओर से जय मां अम्बे स्वसहायता समूह को आईस बाक्स का वितरण किया गया।

जिला स्तरीय अधिकारियों ने शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय ने बताया कि किसानों को शाकम्भरी योजना, किसान सम्मान निधि योजना, किसान समृद्धि योजना, आत्मा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। किसानों को विपरीत मौसम एवं परिस्थितियों में किसान क्रेडिट कार्ड का फायदा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि रागी, कोदो, कुटकी जैसे लघु धान्य फसलों को भी बढ़ावा दें। स्थानीय स्तर पर बेल एवं अमारी भाजी की शरबत से भी लाभ ले सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती माताओं को पंजीयन कराने के बाद अतिरिक्त पोषण आहार के रूप में रेडी टू ईट दिया जा रहा है तथा बच्चों को गर्म भोजन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं वजन जरूर कराएं। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ लेने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक समाज कल्याण विभाग बी.एल ठाकुर ने वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन तथा परिवार सहायता योजना के संबंध में जानकारी दी। उप संचालक पशु पालन डॉ. अनूप चटर्जी ने पशु पालन अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में बताया। उन्होंने बटेर, टर्की एवं ईमू पालन प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में सिकल सेल, टीबी, शुगर, खून जांच ब्लड प्रेशर जांच किया गया तथा निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में ब्लड प्रेशर, स्त्री रोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई और आयुर्वेद दवाईयों का वितरण किया गया। खाद्य विभाग के स्टॉल में राशन कार्ड का नवीनीकरण प्राथमिकता से किया गया। स्कूली छात्राओं ने सुघ्घर छत्तीसगढ़ एवं महुआ झरे गीत पर मोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समाज सेवी अनिल सिन्हा एवं प्रकाश वर्मा, सरपंच तोतरभर्री विरेन्द्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीएम गिरिश रामटेके, डीएसपी नक्सल ऑपरेशन अजीत ओगरे, जनपद सीईओ सुश्री दिव्या ठाकुर, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार विजय साहू, मनरेगा के फैज मेनन सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का सभी डीजे संचालक कड़ाई से करें पालन, कलेक्टर एवं एसपी ने ध्वनि प्रदूषण के संबंध में डीजे संचालकों की ली बैठक



- ध्वनि प्रदूषण के मामलों में अवमानना होने पर नहीं होगी सुनवाई
- रात्रि 10 बजे से सुबह 10 बजे तक डीजे का प्रयोग प्रतिबंधित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ध्वनि प्रदूषण के संबंध में उच्च न्यायालय के निर्देशों के परिपालन में डीजे संचालकों की बैठक ली। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि डीजे संचालकों द्वारा विभिन्न उत्सव एवं सामाजिक-धार्मिक पर्व में डीजे का उपयोग किया जाता है, लेकिन कई बार तेज आवाज में डीजे का प्रयोग करने से लोकहित में ध्वनि प्रदूषण पर प्रतिबंध लगाने के लिए नियम बनाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा जनहित याचिका अंतर्गत संज्ञान लिया गया है तथा यह स्पष्ट किया गया है कि ध्वनि प्रदूषण के मामलों में अवमानना होने पर सुनवाई नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी डीजे संचालकों को उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करना है। उन्होंने कहा कि डीजे सिस्टम जीवकोपार्जन का साधन है, लेकिन अधिक तेज आवाज में डीजे बजाने पर यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। बच्चों की परीक्षाओं तथा जनसामान्य की तकलीफ को देखते हुए उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करें। उन्होंने बताया कि आवासीय क्षेत्रों में दिन के समय 55 डेसीबल, वाणिज्य क्षेत्र में 65 डेसीबल तथा औद्योगिक क्षेत्र में 75 डेसीबल निर्धारित किया गया है। शांत परिक्षेत्र जिसके अंतर्गत न्यायालय, स्कूल, हॉस्पिटल आते हैं, उन क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि रात्रि 10 बजे से सुबह 10 बजे तक डीजे का प्रयोग नहीं किया जा सकता है। उन्होंने सभी डीजे संचालकों को उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने कहा। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंन जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता के तौर पर यह जानना जरूरी है कि साऊंड सिस्टम के साक्ष्य भी प्रस्तुत किए जाएंगे। जिले के सभी डीजे संचालक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नियमों का पालन करते एक अच्छी परंपरा विकसित करें। सभी मिलकर एकजुटता के साथ नियम का पालन करें।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण के लिए समय-समय पर उच्च न्यायालय से दिशा निर्देश जारी हुए हैं, लेकिन इस बार नियमों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। ध्वनि प्रदूषण के लिए आम नागरिक तथा न्यायालय सख्त है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य खराब होने से तथा विभिन्न बीमारी इससे हो सकती है, इसलिए समाज द्वारा इसे स्वीकार्य नहीं माना जाएगा। उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार ध्वनि प्रदूषण उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी डीजे संचालकों को नियमों से अवगत कराते हुए यह चेतावनी दी जाती है कि रात्रि 10 बजे के बाद डीजे सिस्टम नहीं बजाएंगे। इसके लिए सभी डीजे संचालक बांड भरेंगे और नियमों का पालन करेंगे। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार जुर्माना एवं जेल की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्सव, शादी एवं कार्यक्रम हमेशा जारी रहेंगे, लेकिन 75 डेसीबल से ऊपर ध्वनि नहीं जानी चाहिए।

किसी भी तरह से व्यवसाय बंद नहीं होगा, लेकिन नियमों का पालन सभी को करना होगा। नियम तोड़ने की स्थिति में लाईसेंस जब्ती एवं वाहन व अन्य सामग्री राजसात किया जाएगा। इसलिए जागरूकता रखते हुए नियमों का पालन करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं डीजे संचालक उपस्थित रहे।

# अवैध ईंट भट्ठों में नहीं हुई कार्यवाही?



बाहरी लोगों पर मेहरबानी-स्थानीय नवयुवक कर जाते हैं पलायन, फ्लाई एश ईंट फैक्ट्री बंद होने के कगार में

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठों की इन दिनों बाढ़ सी आ गई है. अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे इन ईंट भट्ठों पर कोई ठोस कार्यवाही के अभाव में इनकी संख्या लगातार बढ़ते क्रम में है. बता दें कि क्षेत्र के अनेक ग्रामों संचालित ईंट भट्ठों को छत्तीसगढ़ प्रदेश से बाहरी लोग संचालित कर रहे हैं और सभी संसाधनों का उपयोग करते हुए इन ईंट भट्ठों से शासन-प्रशासन को एक रूपये का भी लाभ नहीं है. उल्टे क्षेत्र में संचालित अनेक फ्लाई एश ईंट के फैक्ट्री पूरी तरह से बंद होने के कगार पर हैं जबकि फ्लाई एश ईंट के निर्माण में स्थानीय मजदूरों को भरपूर रोजगार मिलता है, वहीं इनका संचालन पूरी तरह पूरी तरह से वैध रूप में होता है.

## अवैध ईंट भट्ठों में नहीं हुई कार्यवाही ?

ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक ग्रामों में संचालित ईंट भट्ठे प्रशासन की नाक के नीचे सभी नियमों को धता बताते हुए धड़ल्ले से जारी हैं. ऐसा नहीं है कि वर्षों से संचालित इन अवैध ईंट भट्ठों की जानकारी ग्रामीणों से लेकर जिले स्तर के अधिकारियों को नहीं होगी. बड़ी बात यह है कि रतनभाट के जिस स्थान पर यह भट्ठा चलाया जा रहा है, उससे लगा हुआ ग्राम पंचायत व्दारा गौठान आदि निर्मित है, जहाँ आये दिन अधिकारियों से लेकर पंचायत पदाधिकारियों की आवाजाही होती रही है ऐसे में शिकायत का न होना और कोई कार्यवाही न होना अनेक सवालों को जन्म देता है. गाहे-बगाहे कभी कोई शिकायत होती भी है तो छुटपुट जुर्माना के बाद इन ईंट भट्ठा संचालकों को खुली छूट मिल जाती है. स्थानीय लोगों के बेरोजगारी को देखते हुए इन अवैध ईंट भट्ठों का संचालन तुरंत बंद किया जाना चाहिए, जिससे स्थानीय बेरोजगार अन्यत्र पलायन करने के बजाए अपने ग्राम में कार्य कर पायेंगे.

## फ्लाई एश ईंट फैक्ट्री हो रहे हैं बंद

फ्लाई एश ईंट निर्माण के लिए शासन-प्रशासन के सभी नियमों का पालन करते हुए और सभी प्रकार के टेक्स आदि का भुगतान कर कुछ युवाओं और व्यापारियों ने कार्य प्रारंभ किया था, जिसमें अनेक स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार भी प्राप्त होता था जबकि यह ईंट काफी कम दाम में भी उपलब्ध होता था लेकिन कुकुरमुत्ते की तरह उग आये अवैध ईंट भट्ठे इनका व्यापार पूरी तरह ठप्प कर दिया है और अब फ्लाई एश ईंट निर्माण लगातार बंद होने के कगार पर है. वहीं प्रशासनिक उदासीनता के चलते लाल ईंट निर्माण जगह जगह प्रारंभ किया जा रहा है जिसमें न तो स्थानीय लोगों को रोजगार ही मिलता है और न ही प्रशासन या पंचायतों को लाभ मिल रहा है जबकि इन लाल ईंटों को काफी ऊंचे दामों में बेचा जाता है.

## पानी-बिजली का भी दुरूपयोग

लाल ईंट बनाने के लिए भरपूर पानी लगता है, जिसे किसानों की जमीनों में किये गए बोर से पूर्ति की जा रही है. इधर प्रतिवर्ष लगातार पानी की किल्लत की खबरें आम हो चली है. वहीं किसानों को विद्युत विभाग अत्यंत कम दरों में बिजली उपलब्ध कराती है किन्तु इसका उपयोग धड़ल्ले से ईंट उद्योग में किया जा रहा है. सबसे परेशानी का विषय है कि दूर दूर तक फैले इन ईंट भट्ठों में काफी खतरनाक ढंग से बिजली के तारों का जाल फैलाया गया है. अनेक ग्रामों में कई-कई वर्षों से इन ईंट भट्टों का संचालन किया जा रहा है. जिसकी पूरी जानकारी विद्युत विभाग के कर्मचारियों को भी है किन्तु कार्यवाही के नाम पर अब तक कुछ नहीं है.

> क्षेत्र में चल रहे अनेक अवैध ईंट भट्ठे के विषय में जानकारी मिली है, शीघ्र ही टीम गठित कर वृहद रूप से कार्यवाही की तैयारी की जा रही है।
>
> **- ए.के. पुसाम**
> **एसडीएम डोंगरगांव**

# देश को विकसित राष्ट्र बनाने आम लोग भाजपा से जुड़े -पाण्डेय



भाजपा का लोकसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय उद्घाटित

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी का आगामी लोकसभा चुनाव के लिये तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। पार्टी ने आज अपने लोकसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन जी.ई.रोड स्थित गोड़वाना भवन में किया, चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सांसद संतोष पाण्डेय व पूर्व सांसद व लोकसभा चुनाव के संयोजक मधुसूदन यादव के हाथों संपन्न हुआ।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुये सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि मोदी जी के सपनों को साकार करना हम सबकी जिम्मेदारी है। आज मंगलवार है और मंगलवार को भाजपा कार्यालय का उद्घाटन मतलब ''मंगल भवन अमंगल हारी'' की तरह हम भारी बहुमतों से लोकसभा के चुनाव में विजयी होंगे, यह आज तय हो गया। उन्होनें कहा कि भारत को विकसित 2047 तक विकसित राष्ट बनाने के मोदी जी की परिकल्पना को साकार करने आमलोग भाजपा के साथ जुड़े। देश केवल 2047 तक विकसित राष्ट ही नही बनेगा अपितु 2028 तक हम विश्व की बड़ी आर्थिक महाशक्ति के तौर पर प्रतिष्ठित होंगे। यह पूरे देश व दुनिया को परिलक्षित हो रहा है। धारा 370 खत्म करना, भारत को मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करना, राम मंदिर का निर्माण, देश के 80 करोड़ लोगों को मुक्त राशन का निरंतर वितरण करना, जन-धन खातों का खुलना, आयुष्मान कार्ड की सुविधा आमलोगों को उपलब्ध कराना, आईआईटी जिलों में मेडिकल कॉलेज, देश की प्रत्येक राजधानियों में एम्स की स्थापना, देशभर में सड़कों का लम्बा जाल खड़ा करना, प्रत्येक के लिये सहज हवाई सुविधा उपलब्ध कराना, रेलवे में 70 सालों बाद पहली बार इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा करना मोदी सरकार की कुछ ऐसी उपलब्धियॉं है, जिन्हे काल के गॉल पर कभी मिटाया नहीं जा सकेगा।

कार्यक्रम को पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, अशोक शर्मा व नीलू शर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, कोमल जंघेल, गीता साहू, भरत वर्मा, चन्द्रिका डड़सेना, अजय पटेल, खेदूराम साहू, सावन वर्मा, आभा तिवारी, आलोक बिंदल, लीलाधर साहू, रघुवीर वाधवा, त्रिगुण टॉक, कैलाश शर्मा, गिन्नी चावला, रेखा मेश्राम, पूर्णिमा साहू, किरण वैष्णव, किशुन यदु, देवकुमारी साहू, शालू वर्मा, संगीता मिश्रा, ऋषिदेव चौधरी, तरूण लहरवानी, आकाश चोपड़ा, सुमीत भाटिया, हर्ष रामटेके, रोहित चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन रविन्द्र वैष्णव व आभार प्रदर्शन राजेन्द्र गोलछा ने किया।




# किसान संघ ने की धान खरीदी की अंतर राशि का तत्काल भुगतान की मांग



धान खरीदी की अवधि बढ़ाई में जाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश किसान संघ के जिला संयोजक सुदेश टीकम और उनके साथियों ने सोमवार को जिला कार्यालय पहुंचकर धान खरीदी की अवधि बढ़ाए जाने सहित धान खरीदी की अंतर राशि तत्काल भुगतान किए जाने की मांग की है। बता दे कि इस संबंध में किसान संघ द्वारा कृषि मंडी में बैठक कर इस पर विस्तृत चर्चा की गई तदुपरांत किसान संघ द्वारा जिला कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया।

चौधरी ने भी धान खरीदी की अवधि बढ़ाए जाने को लेकर शासन का ध्यान आत्कृष्ट किया है। किसानों का इस संदर्भ में कहना है कि जिले की कई सोसायटियों में बहुत से किसान धान नहीं बेच पाए है। इन किसानों को धान बेचने का टोकन देकर 31 जनवरी के बाद भी धान खरीदी की जानी चाहिए। बताया गया कि पूर्व में ऐसी व्यवस्था शासन द्वारा किया जाता रहा है। धान खरीदी केन्द्रों में भीड़ होने की वजह से तथा मौसम खराब होने व कर्मचारियों की हड़ताल होने के कारण इस वर्ष धान खरीदी में व्यवधान उपस्थित हुआ है। इन सब बातों का ध्यान में रखते हुए किसानों को 31 जनवरी के पहले टोकन प्रदान कर बाद के दिनों में धान खरीदी किया जा सकता है। इसी तरह किसान संघ द्वारा अंतर राशि तत्काल भुगतान की मांग की है। विभिन्न मार्गो को लेकर जिला कार्यालय पहुंचे हुए किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम ने बताया कि हालांकि उनका संघ भी धान खरीदी की अवधि बढ़ाए जाने की मांग कर रहा है साथ ही 3100 रूपए प्रति क्विंटल धान की कीमत में से अंतर की राशि किसानों को तत्काल भुगतान किए जाने की भी की है। इसी तरह संघ द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजन की अंतिम किश्त का भुगतान भी तत्काल किए जाने व 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान बेचने के इच्छुक किसानों को सरलता से टोलन दिए जाने की मांग की है।

अब देखना यह है कि शासन उपरोक्त परिस्थितियों के आलोक में धान खरीदी की अवधि आगे बढ़ाए जाने के लिए राजी होता है या नहीं। अभी फिलहाल धान खरीदी खरीदी के मात्र एकदिन शेष बचे है। हालांकि इस संबंध में कुछ इशारा जरूर मिल गया था जिससे अनुमान लग रहा है कि शायद खरीदी की अवधि आगे बढ़ा दी जाएगी। फिलहाल किसान संघ द्वारा अपने अन्य मांगों सहित धान खरीदी की तारीख 31 जनवरी से आगे बढ़ाने की मांग कर दी गई है।

# एफसीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर 38 लाख रूपए की धोखाधड़ी

राजनांदगांव (दावा)। शहर के कोतवाली पुलिस ने कल ही आन लाइन सट्टा के लिए धोखाधड़ी कर बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है और उन्हें रिमांड में जेल दाखिल किया है। अब इधर लालबाग पुलिस एक ऐसे ही धोखाधड़ी के मामले में आरोपी के खोजबीन के लिए जुट गई है। बताया जाता है कि आरोपी द्वारा एफसीआई में नौकरी लगाने के नाम पर पीड़ित के साथ 26 लाख की धोखाधड़ी की गई है व दूसरे ग्रामीण के दो-बेटे को नौकरी लगाने के नाम पर 12 लाख की धोखाधड़ी की है।

लालबाग पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरगा निवासी कुमार सोनवानी ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पुत्र युवराज सोनवानी एवं पुत्रवधु गिरजा टेमरे को एफसीआई में नौकरी लगाने के नाम पर पेंड्री अटल बिहार कालोनी निवासी जीतू विश्वकर्मा एवं बांधाबाजार के ग्राम कोटरा निवासी कृष्ण सोनवानी ने 26 लाख रूपए की धोखाधड़ी की है। आरोपियों द्वारा प्रार्थी कुमार सोनवानी को शासकीय अधिकारियों से उनकी अच्छी जान-पहचान का हवाला देकर बेरोजगार लोगों को शासकीय नौकरी का झांसा दिया गया।

उक्त आरोपियों द्वारा भारतीय खाद्य निगम में उसके बेटे युवराज को असिस्टेंट पद पर नौकरी लगाने का लालच दिया गया और प्रार्थी के द्वारा एकमुश्त 26 लाख रूपए देने पर असमर्थता जाहिर करने पर आरोपियों ने 13 लाख रूपए पहले देने व 13 लाख रूपए ज्वाइनिंग लेटर पर आने पर देने की बात कही। इस पर प्रार्थी ने अपनी जमीन बेच कर आरोपियों को 13 लाख दिए। कुछ समय बाद आरोपियों द्वारा प्रार्थी के पुत्र युवराज व पुत्रवधु गिरजा के नाम फर्जी ट्रेनिंग शेडयूल पत्र लाकर दिया।






# राष्ट्रीय कबड्डी में कम उम्र के खिलाड़ियों ने कर्नाटक को हराकर जीते गोल्ड मेडल



छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ ने खिलाड़ियों को दी बधाई

राजनांदगांव (दावा)। रांची के खेल गांव मे सम्पन्न हुए राष्ट्रीय कबड्डी 67 स्कूल गेम्स में छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार 14 साल से कम उम्र के खिलाड़ियों की मदद से छत्तीसगढ़ ने कर्नाटक को 10 अंकों के अंतर से हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।

इसके पहले सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश को 32 अंकों के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया छत्तीसगढ़ कबड्डी बालक टीम ने क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र को एवं उसके पहले हिमाचल प्रदेश को हराकर टूर्नामेंट में अपना वर्चस्व साबित कर दिया महाराष्ट्र हिमाचल एवं कर्नाटक का कबड्डी खेल में पिछले कई वर्षो से एकाधिकार रहा है लेकिन इस वर्ष कोच प्रदीप यादव बिलासपुर के कोचिंग के फल स्वरुप टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और 24 साल की छत्तीसगढ़ के इतिहास में गोल्ड प्राप्त करके नया इतिहास रच दिया है। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी महासचिव बसंत शर्मा कोषाध्यक्ष अवध चंद्राकर एवं छत्तीसगढ़ के समस्त पदाधिकारी विश्व उपलब्धि के लिए समस्त खिलाड़ियों को एवं कोच मैनेजर को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई दिया है और भविष्य में फेडरेशन गेम में महजजी हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी है। गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम तुषार, शिया, भूलना, भूषण पटेल, नवीन व भव्य पटेल सभी बिलासपुर के तथा योगेश सागर, तामेश्वर साहू व अमित कुमार रायपुर एवं एक खिलाड़ी शेखर राव कटारे, दुर्ग व एक आशीष कुडीयाम बस्तर के है। छत्तीसगढ़ की कबड्डी टीम ने राष्ट्रीय स्कूल खेल में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास बनाया है। टीम ने इस पारंपरिक खेल में बेहतर प्रदर्शन कर राज्य का नाम रौशन किया है। इसी तरह बालिका टीम ने भी शानदार प्रदर्शन कर चौथा स्थान हासिल किया है। इसलिए ये सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं।

# रॉयल किड्स कान्वेंट में स्थापना दिवस समारोह का हुआ आयोजन

राजकुमार शंकर बहादुर सिंह उर्फ पापाजी अनुशासन एवं ईमानदारी के लिए सदा विख्यात रहे



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कान्वेंट शाला में स्थापना दिवस एवं मूर्ति अनावरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संस्था की वरिष्ठ आशीर्वादक श्रीमती अन्नपूर्णा देवी (मॉजी) के करकमलों से माँ सरस्वती को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। माँ सरस्वती की वंदना गायन पश्चात् आज इस शुभ अवसर पर परमपूज्य राजकुमार शंकर बहादुर सिंह की प्रतिमा का अनावरण श्रीमती अन्नपूर्णा देवी (मॉजी) के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संस्था के संस्थापक डॉ. जयंत बहादुर सिंह के जन्मदिन के अवसर पर संस्था के स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम उनकी मूर्ति पर पुष्पगुच्छ एवं पुष्पहार समर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्था में प्रचलन अनुसार 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। संस्था के पधारे अतिथियों एवं गणमान्य जनों को तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत दिया गया। इसी कड़ी में डॉ. जयंत बहादुर सिंह की जीवनी पुस्तक का विमोचन श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह के करकमलों से किया गया।

इस अवसर पर उन्हें याद करते हुए सभी ने अपने उद्गार व्यक्त किए जिसके संस्था की अध्यक्षा डॉ. सविता जे.बी.सिंह ने बताया कि राजकुमार शंकर बहादुर सिंह उर्फ पापाजी अनुशासन एवं ईमानदारी के लिए सदा विख्यात रहे। शाला के बच्चों के प्रति विशेष लगाव रहा है। समय के पाबंद पापा जी ने सभी को अनुशासन में रहना सिखाया। परिवार को एकजुट रहना सिखाना भी उन्हीं की देन है जो आज एक वटवृक्ष के रूप में दिखाई दे रहा है। वही दादा उर्फ डॉ. जयंत बहादुर सिंह जिंदादिल, मस्तमौला, शिक्षाविद कार्य के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के धनी हरफनमौला व्यक्ति रहे है जिनको शिक्षा जगत में अपना एक अलग ही मुकाम हासिल है जो अब रॉयल किड्स कान्वेंट के रूप में उत्तरोत्तर वृद्धि करते हुए बी.एस.सी., बी.कॉम, एवं बी.एड के साथ साथ आईसीएससी, सीबीएससी, सी.जी. बोर्ड के रूप में फलीफूत हो रहा है। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक डॉ.जे.बी. सिंह को याद करते हुए संस्था के डॉयरेक्टर संजय बहादुर सिंह ने कहा पापाजी का प्रत्येक व्यक्ति के प्रति ध्यान रहता था। किसी को भी कोई समस्या होने पर वे उसका निदान करते थे। जे.बी.सिंह भी अपने पिता के आज्ञापालक पुत्र थे वे अपने पिता की बातों को सर्वप्रथम महत्व देते रहे हैं।

संस्था के एकेडमिक डॉयरेक्टर ने भी बच्चों को बताया कि उन्हें पप्पा जी के बताए मार्ग पर चलते हुए अनुशासित जीवन जीना चाहिए। इसी अवसर पर बरसर आई.के.वैष्णव ने दादा के साथ बिताए हुए पलों को याद किया। शाला के उपाध्यक्ष अशोक चौधरी के साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उन्हें यादकर श्रद्धासुमन अर्पित दिए गए। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों ने भी अपने विचारों की अभिव्यक्ति से उन्हे याद दिया। इस सुअवसर पर शाला प्रागंण में स्थित श्री रामजानकी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिक्षकवृंद एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# एसपी कार्यालय में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



दो मिनट मौन रखकर किया गया पुण्य स्मरण

राजनांदगांव (दावा)। मंगलवार 30 जनवरी को पूरे देश भर में शहीदी दिवस मनाया गया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित स्वतंत्रता संग्राम में अपनी जान की बाजी लगा देने वाले शहीदों कि पूण्य स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

शहर में इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शहीदी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया और शहीदों की शहादत को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) श्रीमती सोनिया उके, डीएसपी अजाक श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर, निरीक्षक (अ) दरवेश कामडे एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com